**14.35 hrs.**

**Title: Discussion regarding problems faced by farmers raised by Shri Basubeb Acharia. (Not concluded.)**

**MR. SPEAKER: Shri Basu Deb Acharia to speak on the discussion under Rule 193. ...(*Interruptions*)**

**श्री रघुनाथ झा (गोपालगंज) :** अध्यक्ष महोदय, श्री बासुदेव आचार्य जी बहुत महत्वपूर्ण सवाल पर बोलने के लिए खड़े हुए हैं और सदन में सिर्फ कृाि मंत्री को छोड़कर अन्य मंत्री उपस्थित नहीं हैं। किसानों की समस्या केवल कृाि मंत्री से संबंधित नहीं है। इसमें सिंचाई की समस्या है। इसलिए जलसंसाधन मंत्री का उपस्थित होना अनिवार्य है। खाद्य मंत्रालय से संबंधित समस्याएं हैं। इसलिए खाद्य मंत्री का उपस्थित होना आवश्यक है। विद्युत की समस्याएं हैं। उसके लिए विद्युत मंत्री का उपस्थित होना आवश्यक है। बाढ़ से संबंधित समस्याएं हैं, लेकिन वे मंत्री भी नहीं हैं।

महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करना चाहता हूं कि खाली दिखावे के लिए किसानों की समस्याओं की चर्चा सदन में न कराएं। यह बहुत महत्वपूर्ण चर्चा है। इसलिए अन्य मंत्रियों का यहां उपस्थित रहना अनिवार्य है।â€¦ (व्यवधान)

MR. SPEAKER: They are in the House. Shri Basu Deb Acharia to speak. ...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: The Ministers are already here.

SHRI P.C. THOMAS (MUVATTUPUZHA): Sir, the hon. Minister of Finance should have been present. ...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Nothing should go on record except the speech of Shri Basu Deb Acharia.*(Interruptions) â€¦**

MR. SPEAKER: He is the Minister of Agriculture also. â€¦ (*Interruptions*)

* Not Recorded

MR. SPEAKER: Please take your seats.

SHRI N.N. KRISHNADAS (PALGHAT):Sir, some of the issues are very important and they relate to the Ministry of Finance. ...(*Interruptions*)

**श्री रामजीलाल सुमन (फिरोजाबाद) :** अध्यक्ष महोदय, रघुनाथ झा, जी ठीक कह रहे हैं। सदन में जब किसानों से संबंधित समस्याओं पर चर्चा हो रही है, तो उन्हें सुनने के लिए संबंधित मंत्रियों को उपस्थित रहना चाहिए। â€¦ (व्यवधान)

MR. SPEAKER: Nothing should go on record.*(Interruptions) â€¦**

**डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह (वैशाली) :** अध्यक्ष महोदय, आज किसान मर रहा है।â€¦ (व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह जी, बार-बार खड़े होना अच्छी बात नहीं है।...(व्यवधान)

SHRI BASU DEB ACHARIA (BANKURA): Mr. Speaker, Sir, I thank you for allowing me to raise an important discussion concerning the millions and millions of farmers of the country. ...(*Interruptions*)

SHRI N.N. KRISHNADAS : Sir, many issues relate to the Ministry of Finance would come. ...(*Interruptions*)

**कुंवर अखिलेश सिंह (महाराजगंज, उ.प्र.) :** अध्यक्ष महोदय, जब आप संसदीय गरिमा की बात करते हैं, तो सरकार को भी उसका परिचय देना चाहिए और संसदीय गरिमा का ख्याल रखना चाहिए। कृाि जैसे महत्वपूर्ण विाय पर चर्चा हो रही है और यहां संबंधित मंत्री उपस्थित नहीं हैं।â€¦ (व्यवधान)

MR. SPEAKER: Shri Thomas, please take your seat. ...(*Interruptions*)

SHRI P.C. THOMAS : Sir, I am on a point of order.

MR. SPEAKER: What is your point of order? You first quote the rule under which you are raising it.

SHRI P.C. THOMAS : Sir, under rule 376 I am raising it. Like the producers of

pepper and rubber, there are many of them who come under the Ministry of Commerce. The hon. Minister of Agriculture will not be able to reply on those points. The hon. Minister of Commerce should be here. ...(*Interruptions*) Sir, many of the issues are relating to WTO. ...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Shri Thomas, you are forgetting that we discussing the farmers' issues.

SHRI P.C. THOMAS : Sir, many of the farmers' issues relate to the Ministry of Commerce. WTO is the main issue when we speak about the farmers' issues.

MR. SPEAKER: There is no point of order.

**श्री रामजीलाल सुमन :** अध्यक्ष महोदय, यह सरकार किसानों की समस्याओं को सुलझाने के प्रति बिलकुल गंभीर नहीं है।

**अध्यक्ष महोदय** : रामजी लाल सुमन जी, यह ठीक नहीं है। आप बैठ जाइए।...(व्यवधान)

MR. SPEAKER : This is too much. यह आप क्या कर रहे हैं। क्या इस प्रकार से सदन में मामला उठाया जाता है।..(व्यवधान)

SHRI BASU DEB ACHARIA : Sir, at the outset I thank you for allowing a discussion to share the problems being faced by the farmers of this country...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: You only are asking for a discussion on issues and then you are not allowing the Members to speak. ...(*Interruptions*)

SHRI BASU DEB ACHARIA : Sir, the crises which the Indian farmers are facing today are the severest in nature.

MR. SPEAKER: Is it the way to raise matters in the House?â€¦ (*Interruptions*)

SHRI BASU DEB ACHARIA : Sir, we have, during the last one year, have seen as to how the farmers in this country have been committing suicides. We are getting news about farmers committing suicide almost every day.

Sir, Palakkad, known as the `Rice Bowl of Kerala', is now being termed as the `Death Bowl of Kerala'! At least 30 farmers have committed suicides there. Farmers from the State of Karnataka also have committed suicides. These suicides by farmers is a grim reflection of the situation as it is prevailing in the various States of the country. Last year also we had a discussion in this House on the issue of suicides by farmers of Andhra Pradesh for their not getting remunerative prices for the production of cotton. We had a long discussion in this House and in spite of that the Government has not taken any action to save the farmers of our country. What is the reason for this? Why is there a fall in the prices of agricultural commodities?

Sir, you would be surprised to know that on the opening day of the Winter Session of Parliament, Members of Parliament, representing almost all the political parties, sat on a *dharna* in the main gate of the Parliament House with tender coconuts, betel nuts, pepper, arecanut, rubber and coffee. Why had all the political parties to join hands and sit on a *dharna* on the very first day of the Winter Session? It was because the farmers of Kerala, in particular, are facing the severest of crises on account of the fall in the prices of agricultural commodities.

Sir, you would be surprised to know that just within a span of one year, the price of rubber had fallen from Rs. 68 to Rs. 22; the price of copra had fallen from Rs. 45/- to Rs. 20/-; the price of arecanut had fallen from Rs. 3350 to Rs. 3150; and the price of coffee had fallen from Rs. 65 to Rs. 28. The prices of these commodities went down by 50 per cent just within a span of one year.

Sir, same is the case in Karnataka. The prices of tomato crashed from Rs. 375 to Rs. 110 in November- December last year and in January this year. The prices of potato had also fallen. Fifty kilograms of potato that were selling at Rs. 350 in September-October last year had fallen to Rs. 150 now.

In Andhra Pradesh, prices of rice, groundnut, tobacco, cotton and chillies have fallen as against the Minimum Support Price (MSP). Against an MSP of Rs.540 which was fixed by the Government of India per quintal of 'A' Grade variety of paddy, farmers could secure only Rs.510 per quintal. Groundnut prices have fallen from Rs.1,220 per quintal of MSP to Rs.1,100. The MSP for maize fell from Rs.445 to Rs.320.

In the State of Haryana also the same situation prevails. In Rajasthan, due to the fall in the price of *bajra*, lakhs of farmers are in serious trouble. The Government has not started purchasing *bajra* yet and the farmers started selling their produce in distress.

Jute is one of the important agricultural produces of West Bengal. About forty lakh families are dependent on jute in West Bengal. The farmers of West Bengal and Bihar got a very less price from the Government of India. The JCA is there and the Cotton Corporation of India is there but these organisations did not come forward to save the farmers who are forced to make distress sale. In the State of Kerala, the loss incurred by farmers in one year is more than Rs.10,000 crore. That is the reason why the Members of this House demanded the presence of the Commerce Minister during the discussion.

In Gujarat too the situation is very grim. Though I am mentioning only a few States, the situation is grim everywhere in the country. The reason for all this is the removal of quantitative restrictions (QR) by the Government of India. When these were removed we were assured that indigenous agricultural production will not be hampered by it.

Sir, what is the position now? Take the case of palm oil. It is being imported. The duty on it has been reduced. So, it has negatively affected the groundnut farmers as well as the coconut farmers. The price of palm oil is now Rs. 24 per kilogram while that of the groundnut is Rs. 38 per kilogram.

Now, Malaysia has declared that they would supply palm oil of any quantity at the rate of just Rs. 18 per kilogram. The main use of coconut will be for the industries. So, the Government is allowing import of palm oil to help the industrialists at the cost of farmers. Twenty per cent of the coconut oil was being used adequately mainly in Kerala and in some parts of Southern India, viz., Karnataka, Tamil Nadu and Andhra Pradesh. But now, the people of these States have also started using palm oil as they are getting it at much cheaper rate. With all this, the coconut farmers are facing serious crises.

Sir, we were told that after the removing the Quantitative Restrictions, there will not be a substantial import of agricultural commodities. In spite of the assurance given, agricultural commodities are being imported in our country continuously. So, the situation here in our country is very alarming as far as coconut and groundnut farmers are concerned. It is because the United States of America and the European countries have not reduced their subsidies. They have also not reduced the tariff.

Sir, the Agriculture Minister very recently has admitted it. He was addressing a Seminar organised by FICCI in New Delhi. After five to six years of WTO's existence, it has been found that the developed countries have increased the subsidies on agricultural produce much to the detriment of the developing countries. He has contradicted that. Shri Murasoli Maran made a statement after attending the Doha Conference. He also emphasised on it. What did he say there?

He said:

> "Progressive reform in agriculture now requires elimination of large scale domestic support and other trade related subsidies and removal of unfair barriers facing farm exports of developing countries. At the same time, considering the critical dependence on agriculture by a large rural population in developing countries, â€¦"

What is the result? In the Declaration, it has been mentioned at Doha that there is a need to reduce subsidies. But no time limit was fixed. Some mention was made about the reduction in subsidy as well as in tariff. But nothing concrete has been decided at the Doha meeting.

Sir, you will be surprised to see how much subsidy is still being provided to the agriculture sector in the United States of America. ...(*Interruptions*) They knew this, but I have to reiterate. The international prices have been further reduced by subsidies. They are reducing the international prices. But our Prime Minister is asking our farmers to be competitive. How can our farmers be competitive, if the subsidy is reduced? You have reduced subsidies in respect of fertiliser and you have increased the price of fertiliser. Mr. Minister, why are you nodding your head now? You have withdrawn subsidies.

**<u>1457 hours</u>** (Shrimati Margaret Alva *in the Chair*)

The State Electricity Boards are increasing electricity tariff in respect of agriculture. This is not a tariff concession. In agriculture sector, these things should be considered. Take the case of self-sufficiency in food production. We achieved self-sufficiency because of these concessions. But these are being withdrawn now. As a result of that − the Minister will admit − there is increase in cost of inputs. What is the percentage of increase in the cost of inputs? It is 229 per cent whereas increase in income is 199 per cent. So, there is a fall of 30 per cent in the income of farmers. When there is a fall in the income of farmers, there is reduction in production also.

The situation is alarming and for the first time, last year, there was a negative growth. Even during 80s and 90s, up to 1997-98, the growth was 1.7 per cent in agriculture sector. Last year and the year before last year, that is, 1999-2000 and 2000-2001, the growth was 0.69 per cent. This has been further reduced and there is a negative growth, less than the growth in population. So, there will be food scarcity. The Prime Minister may say that our godowns are full and we have 65 million tonnes of foodgrains.

**<u>15.00 hrs</u>**

About 65 million tonnes of foodgrains are lying in our godowns but the poor people of the districts of Koraput, Kalahandi and Bolangir are starving.

**डॉ.जसवन्त सिंह यादव (अलवर) :** सभापति जी, इनको कितने मिनट का समय दिया है। अब तक 25 मिनट हो चुके हैं।

**सभापति महोदय** : फार्मर्स की बात है, इनको बोलने दीजिये।

SHRI BASU DEB ACHARIA : What is the total amount of subsidy given to agriculture in America? It is about 343 billion dollars. These are the figures for the year 1996. I do not have the current figures but according to 1996 figures, every American farmer was getting subsidy to the tune of 28,000 US dollars. So, an American farmer gets

nearly Rs.14 lakh as subsidy. In terms of hectare-wise the subsidy comes to about 550 US dollars, that is, Rs.24,000 per hectare approximately is the subsidy given in America. This figure is for the year 1998. Besides this, they get certain other inputs at very cheaper rates than the Indian farmers get.

If you compare it with other countries; Japan gets 72.5 per cent of the total percentage of subsidy, Columbia − 54 per cent, South Korea − 61 per cent, European Union countries − 37 per cent, China − 34 per cent, Pakistan − 26 per cent, USA − 28 per cent and India gets only three per cent.

The Minister has already admitted in his statement that although ambitious targets have been fixed for the Tenth Five Year Plan, the allocation for agriculture will be much less than it was in the Ninth Five Year Plan. Import tariff is also very important because one of the conditionalities of WTO is that the developed countries should not only reduce their subsidy but also should reduce their import tariff. In America, the figure for sugar is 244.4 per cent, groundnutâ€"173.8 per cent and milkâ€"82.6 per cent. In Europe, for meat it is 213 per cent, wheatâ€"167.7 per cent and sheep muttonâ€"144 per cent. In Japan for wheat the figure is 352 per cent and for Barley products it is 361 per cent. In Canada, the figure for butter is 360 per cent, cheeseâ€"289 per cent and eggâ€"236 per cent.

**समापति महोदय :** मि. बसुदेव आचार्य, आपको आधा घंटा हो गया है।

SHRI BASU DEB ACHARIA : Madam, I am initiating the discussion. Please give me some more time....(*Interruptions*)

SHRI PRAKASH PARANJPE (THANE): We know the problems but what remedial measures the hon. Member has to recommend to the Government?

SHRI BASU DEB ACHARIA : Be patient.

MR. CHAIRMAN: You can give the solution

SHRI BASU DEB ACHARIA : Madam, due to the crisis in the agricultural sector and because of the negative growth in agriculture, there has been impact on the employment also, particularly rural employment.

MR. CHAIRMAN : More you disturb him, the longer he will speak....(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Please sit down....(*Interruptions*)

SHRI SOMNATH CHATTERJEE (BOLPUR): Madam, time lost due to interruptions should be deleted from his time...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Shri Acharia, please wind up in five minutes.

**डॉ.जसवन्त सिंह यादव (अलवर) :** मैडम, हिन्दुस्तान के किसानों की चर्चा हो रही है, हिन्दुस्तान का किसान अंग्रेजी नहीं बोलता, हर प्रदेश का किसान अपने प्रदेश की भााा बोलता है और यह अंग्रेजी बोल रहे हैं ।

SHRI BASU DEB ACHARIA : There has been impact on the employment.â€¦ (*Interruptions*) बेरोजगारी के कारण कृाि पर आज जो संकट आ गया है, इसका असर हमारे देश में बेरोजगारों के ऊपर भी पड़ा है ।

MR. CHAIRMAN: He is talking about the whole country.â€¦ (*Interruptions*)

SHRI BASU DEB ACHARIA : There has been increase in unemployment in the rural areas...(*Interruptions*). Shri Paranjpe, I am talking about the entire country.

Madam, unemployment has increased within one year to the extent of 29 per cent in rural areas. You could imagine how serious is the situation...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: We are talking about the Indian farmers.â€¦ (*Interruptions*)

SHRI BASU DEB ACHARIA : They have decided to stop procurement of foodgrains.

MR. CHAIRMAN: Shri Acharia, leave a little for others also.

SHRI BASU DEB ACHARIA : Madam, I have so many important things. You would be interested to know them. The Government has decided to stop procurement of foodgrains by the Food Corporation of India. The Minister of Finance said in his Budget Speech that FCI will not procure foodgrains. Procurement of foodgrains will be handed over to the private traders and work regarding distribution of foodgrains to the people will be handed over to the State Government. This will be decentralised and ultimately the Public Distribution System will be dismantled. Already they have partially dismantled Public Distribution System. Now they have exported wheat. I know of Bangladesh. What is the economic cost per quintal for procurement, for storage, and for distribution? It is Rs.8300

per tonne. What is the market price? Shri Yadav knows it because his Committee has dealt with this problem in detail. What is the market price? It is Rs.7000. What price had Government of India offered in the month of May this year for export? It was Rs.4300. So, Rs.8300 is the economic cost and they are telling our people who are living above poverty line that the price of one kilogram of wheat would be at par with economic cost and for below poverty line, the price would be half the economic cost.

They are exporting wheat at the rate of Rs. 4,300 per tonne. That means subsidy is being extended to the foreign consumers and they are getting wheat at a much cheaper rate than our own countrymen. Our people have to purchase at a higher price. What have we gained by exporting wheat? I can give the figure for one year. We have exported wheat and then imported it. This issue was raised on the floor of this House. The Government of India lost Rs. 550 crore in a year by exporting wheat and then importing it at a higher price. Due to the crisis in the agriculture sector, not only farmers are affected adversely but also the agriculture-based industries, like jute in West Bengal and Bihar. . ...(*Interruptions*)

The sugar industry is being affected. Shri Ajit Singh knows that because of the falling price of sugarcane the industries are also affected. If the interests of the farmers are ignored and neglected, this Government has no right to stay in power. Farmers are being neglected. Farmers are committing suicides. This has never happened. After fifty-three years of Independence, the farmers who have made our country self-sufficient in foodgrains production are committing suicides. Due to the policies of the Government in regard to fertiliser and in regard to subsidy, the capital investment is reducing. The hon. Minister has himself admitted this in a statement. Public investment is reducing gradually. Within one year there is two per cent less growth in the irrigated area also within one year. In order to save this country and to save the farmers, this Government has to reverse the policies. Otherwise, they have to quit.

**श्री साहिब सिंह (बाहरी दिल्ली) :** सभापति जी, मैं आपका आभारी हूँ कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया।

अभी मेरे मित्र बहुत सारी चीजों पर चर्चा कर रहे थे। इसमें कोई संदेह नहीं है कि यह देश किसानों का देश है। â€¦ (व्यवधान)

**सभापति महोदय :** अब माननीय सदस्य हिन्दी में बोल रहे हैं और आपकी पार्टी के हैं, फिर भी आप बातें कर रहे हैं। आप इन्हें सुनिये। तब अंग्रेजी की बात कर रहे थे, अब तो हिन्दी में बोल रहे हैं।

**श्री साहिब सिंह** : 54 वर्षों में जितनी किसान के हित की बातें होनी चाहिए थीं, वह दुर्भाग्य से नहीं हो पाईं। मेरे मित्र बात कर रहे थे कि किसानों ने आत्महत्याएं की हैं। जब किसान आत्महत्या करता है तो वह हर आत्महत्या देश के ऊपर बहुत बड़ा कलंक होती है। मैं बताना चाहूंगा कि 1997 से 1999 के बीच करीब 358 किसानों ने आत्महत्याएं की थीं। 1999 से 2000 के बीच पांच किसानों ने आत्महत्याएं की थीं और 2000-2001 में 22 किसानों ने आत्महत्याएं कीं। यह जानकारी रिकार्ड पर है लेकिन हो सकता है इससे और कई गुना किसानों ने आत्महत्याएं की हों।

सभापति महोदया, देश के लिए यह निश्चित रूप से शर्म की बात है और जिन बातों का अभी जिक्र किया गया है, इसमें कोई संदेह नहीं है कि किसान दिन-रात खेत में काम करता है, अपना खून-पसीना एक कर के फसल उगाता है, लेकिन उसे लाभप्रद मूल्य नहीं मिलता। आज ही नहीं बल्कि जब से देश आजाद हुआ है तब से आज तक, मैं कहता हूं कि किसान को अपनी उपज का लाभप्रद मूल्य नहीं मिला।

महोदया, सरकार ने क्या किया, उस सबकी आपको जानकारी है। रिक्मेंडेशन आने के बाद भी खेती में काम आने वाली वस्तुओं के दाम कम नहीं किए गए। सपोर्ट प्र ाइस बढ़ी है, लेकिन फिर भी मैं कहना चाहता हूं कि किसान के साथ न्याय नहीं हुआ है, उसे लाभप्रद मूल्य नहीं मिला है। मैं स्पट करना चाहता हूं कि खेती में काम आने वाली जो चीजें हैं, जो इनपुट्स हैं, उनके दाम निरन्तर बढ़ते जा रहे हैं।

महोदया, किसान को आत्महत्या क्यों करनी पड़ती है, उस संबंध में मैं बताना चाहता हूं। उसे कहां-कहां से कर्ज लेना है उसके लिए अनेक व्यवस्थाएं सरकार ने की हैं, लेकिन वह उसे समय पर नहीं मिलता है। उसे उसके गांव में ही कर्ज मिले, इसके लिए बहुत सारी व्यवस्थाएं की गई हैं, किसान की फसल की सुरक्षा के लिए फसल बीमा योजना चलाई गई है, लेकिन इन योजनाओं का प्रचार-प्रसार उतना नहीं किया गया है जितना किया जाना चाहिए। इसलिए किसान सरकार की लाभकारी योजनाओं का फायदा नहीं उठा पाता है और खेती में अधिक लागत तथा उपज का कम मूल्य मिलने के कारण मजबूरी में उसे आत्महत्या करनी पड़ती है।

महोदया, मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहूंगा कि अभी किसानों के लिए बहुत कुछ करना बाकी है। दुर्भाग्य से जो हमारे मित्र किसानों द्वारा चुनकर यहां आते हैं, वे किसानों के हितों में नीतियां बनाने में कितनी रुचि दिखाते हैं, यह आप सबको अच्छी तरह मालूम है। राट्रीय उत्पाद में कृिा का अंशदान लगातार कम होता जा रहा है। उसमें गिरावट आती जा रही है। वह बढ़ा नहीं है।

आज किसान की जितनी भी होल्डिंग्स थीं, परिवारों में हिस्से-बांट के कारण आज होल्डिंग बहुत छोटी रह गई हैं। आज वे इकनौमिक होल्डिंग नहीं बची हैं। इसलिए खेती लाभप्रद न होते हुए भी, उसके पास कोई चारा नहीं है सिवाय खेती करने के। उसके परिवार के छोटे बच्चे से लेकर 80 वाॅ तक के बूढ़े व्यक्ति को मजबूरन खेती में काम करना पड़ता है, तब कहीं जाकर वह अपना गुजारा कर पाता है। आज किसान की ऐसी नौबत आ गई है और इतनी खराब स्थिति है कि जिसका वर्णन करना मुश्किल है। यहां आज दो-चार घंटे बहस होने के बाद यह बहस समाप्त हो जाएगी, लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि इस बहस का समय बढ़ाया जाए और दो-चार घंटों की जगह दो-चार दिन बहस चलाकर किसानों के हित में इस फ्रंट पर कुछ निर्णय लिए जाएं जिससे किसानों को फायदा हो सके।

भूमि सुधार कानून बहुत पुराने हैं। उन्हें बने हुए कहीं 50, कहीं 40 और कहीं 30 साल हो गए हैं, जो आज के समय में बेमानी हैं। भूमि सुधार कानूनों में सुधार करना नितान्त आवश्यक है। पुराने कानूनों में कोई परिवर्तन नहीं होने से भी किसानों की कठिनाई बढ़ी है। यह ठीक है कि भूमि सुधार कानून बनाना और उन्हें लागू करना राज्य सरकारों के अधिकार क्षेत्र में आता है, लेकिन मेरा निवेदन है कि केन्द्र सरकार को भी अपनी ओर से कोई सम्यक नीति अपनानी चाहिए। दिल्ली में 1954 में भूमि सुधार कानून बना था, जो आज रैलेवेंट नहीं है। इस देश में लैंड एक्वीजीशन एक्ट अंग्रेजों के समय का है। आज किसान की हालत यह है कि पहले कान पकड़ कर उसे उसकी भूमि से बेदखल कर दिया जाता है और बाद में कीमत देने की बात आती है। आल्टरनेटिव प्लाट भी किसान को 10 जगह रिश्वत देने के बाद मिलता है और वह भी नहीं मिलता क्योंकि प्रापर्टी डीलर उसकी पर्ची को उससे खरीद लेता है।

जब किसान अपनी फसल को मंडी में बेचने जाता है, तो उसे कमीशन देना पड़ता है। हमने अपने समय में एक कानून बनाया था कि मंडी में किसान को अपनी फसल बेचने के लिए जो कमीशन देना पड़ता है वह किसान नहीं देगा, बल्कि खरीददार देगा, लेकिन उस कानून को भी एक तरफ कर दिया गया है। किसान को जितनी कीमत मिलती है उससे ज्यादा मुनाफा दलाल खा जाता है। किसान मेहनत करता है और दलाल कमाई करते हैं। इस तरफ भी ध्यान देने की आवश्यकता है।

गांव में किसान का चहुंमुखी विकास किया जाना आवश्यक है। यदि किसान के घर में खेती का काम सभी लोगों को नहीं मिलता है, तो उन्हें दूसरा काम दिया जाना आवश्यक है। यदि किसी किसान के घर में 10 लोग हैं और छोटी होल्डिंग है, तो घर के बाकी लोगों को दूसरे काम करने चाहिए। उसके लिए राज्य सरकारों को योजनाएं बनानी चाहिए। केन्द्र सरकार की ओर से अनेक योजनाएं बनी हैं, लेकिन उनके ऊपर कितना इम्पलीमेंटेशन हो रहा है, वह सब आपको मालूम है। मैं कहना चाहता हूं कि किसान के घर में जब तक बेकार लोग रहेंगे, जब तक उनके हाथों को काम नहीं मिलेगा, तब तक आत्महत्या करने की प्रवृत्ति को रोका नहीं जा सकता है। वे आत्महत्या भी करेंगे और क्राइम भी करेंगे। When the hand does not get proper work, it can be made use of somewhere else also like committing crimes. इसलिए उन्हें काम मिलना चाहिए।

सभापति महोदया, मैं आपको बताना चाहता हूं कि किसान एक ओर तो खेत में खून-पसीना एक कर के अन्न उत्पादन कर देश के लोगों का पेट भरता है वहीं दूसरी ओर सीमा पर प्रहरी के रूप में डटकर दुश्मनों से देश की रक्षा करता है। किसान हर तरह से देश की सेवा में लगा हुआ है।

हम लोगों को किसान की कितनी चिन्ता है, यह देखने की आवश्यकता है। आज भी लाखों गांव ऐसे हैं जहां पीने का पानी नसीब नहीं होता, फसल के पानी की बात छोड़िए। जब से देश आजाद हुआ है, इस बात पर चर्चा होती रही है कि सारी नदियों को जोड़ दें। कहीं बहुत बाढ़ आती है, कहीं सूखा पड़ता है, हम उन्हें किसी तरह मिला दें,, उस पानी का उपयोग करें, उस पानी के उपयोग की योजना बनाएं। 54 साल की आजादी के बाद भी हम देश में पानी का इंतजाम नहीं कर पाए हैं। जिन किसानों को बिजली चाहिए, वे रोते रहते हैं, सारी रात खेत में बैठे रहते हैं, कभी दो घंटे, कभी तीन घंटे बिजली आती है। किसानों को बिजली तक नहीं मिलती। रेट्स बढ़ाए गए हैं, वह अलग बात है। किसानों को इन सारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

मैं आपसे कहना चाहता हूं कि इस देश के अंदर अगर हमें किसानों के स्वाभिमान की रक्षा करनी है तो निश्चित रूप से कुछ काम अवश्य करने पड़ेंगे। जब मिनिमम सपोर्ट प्राइज़ और मार्किट प्राइज़ की बात चलती है, अगर मिनिमम सपोर्ट प्राइज़ पर भी किसान की फसल खरीदी जाती है, कितने लोगों की खरीदी जाती है, कितनी खरीदी जाती है, यह देखना चाहिए। किसी राज्य में यदि कोई दबंग मुख्य मंत्री है तो शोर-शराबा करके कुछ ज्यादा पैसा लेकर चला जाता है और अपने प्रदेश के किसानों को ज्यादा लाभ पहुंचाता है। इसकी कोई नीति बननी चाहिए कि किस तरह से हमें सबसिडी देनी है। मिनिमम सपोर्ट प्राइज़ पर कहां, कितनी, क्या-क्या चीज खरीदनी है। मैं व्यक्तिगत रूप से इस पक्ष में हूं कि हमें मिनिमम सपोर्ट प्राइज़ और मार्किट प्राइज़ का अंतर हर किसान को, चाहे छोटा किसान है, चाहे बड़ा किसान है, उसके घर की कंजम्शन को छोड़ कर उसे देना चाहिए। We should have only static storage facilities. We should have storage facilities to take care of drought and other natural calamities. Why should we have storage facilities for nothing? हम उसका स्टोरेज क्यों करें? अगर मिनिमम सपोर्ट प्राइज़ 500 रुपये क्विंटल है और मार्किट प्राइज़ 600 रुपये क्विंटल है तो हमें उसका डिफरैंस दे देना चाहिए। इससे किसानों को अपने आप न्याय मिलेगा और हर किसान को उसकी पूरी फसल का दाम मिलेगा। अगर किसान के सामने यह निश्चित नहीं होगा कि उसे क्या भाव मिलने वाला है, तो किसान क्या पैदा करेगा। कहीं से कर्जा लेकर देता है, कहीं फर्टीलाइज़र के लिए पैसा देते है। हम फर्टीलाइज़र के बारे में अच्छी तरह जानते हैं कि फर्टीलाइज़र की बड़ी-बड़ी मिलों को किसने सबसिडी देनी शुरू की थी, मिल को डायरैक्ट सबसिडी देने का क्या औचित्य था? जब देश में किसी का सौ प्रतिशत प्र ोडक्शन नहीं होता तो एक मिल की दो सौ प्रतिशत प्रोडक्शन कैसे हो सकती है। इसका मतलब उसमें निश्चित रूप से भ्रटाचार है। जितनी जल्दी हो सके, किसान को डायरैक्ट सबसिडी मिलनी चाहिए और फर्टीलाइज़र की जो सबसिडी मिलों को मिलती है, उस पर तुरंत पाबन्दी लगनी चाहिए। इस पर भ्रटाचार क्यों शुरू किया, किसने शुरू किया, लाखों-करोड़ों रुपये इस पर बर्बाद हो चुके हैं। मैं इस पक्ष में हूं कि जितनी भी कैमिकल फर्टीलाइजर्स कम्पनियां हैं, देश में उसका उत्पादन बढ़ सकता है। हम और तरीके अपना सकते हैं लेकिन फर्टीलाइजर का उपयोग कम करना चाहिए। हमारे खाद के जो पुराने तरीके थे, जैविक खाद या दूसरी तरह की खाद, किसानों को उनकी तरफ ले जाना चाहिए। जब तक किसान को यह पता नहीं चलेगा कि उसे क्या मिलने वाला है, तब तक उसे तसल्ली नहीं होगी।

फसल एक मामला है लेकिन इसके अलावा कई दूसरी चीजें भी हैं। आज किसान शहरों की तरफ पलायन क्यों करता है? किसान को इसलिए पलायन करना पड़ता है क्योंकि गांव में स्वास्थ्य की सुविधाएं नहीं हैं, अच्छी शिक्षा की सुविधाएं नहीं है, किसान वहीं पड़ा रहता है। जो लोग आई.ए.एस. और आई.पी.एस. में आते हैं, वे किसान के बेटे नहीं होते, दूसरे लोग आते हैं क्योंकि किसान गांव में पड़ा रहता है, उसके पास सुविधाएं नहीं हैं। जो बहुत सम्पन्न किसान हैं वे शहर में आ सकते हैं, उनके बेटे बड़ी-बड़ी कुर्सियों पर पहुंच सकते हैं। आप इस कुर्सी पर बैठ सकती हैं, प्रधान मंत्री कोई किसान हो सकता है, बड़े-बड़े मंत्री भी किसान हो सकते हैं लेकिन ब्यूरोक्रैट्स, जो आई.ए.एस. की कुर्सी पर बैठे हैं, जब तक वे किसान के दर्द को नहीं जानेंगे, जब तक वह किसानों के अंदर से नहीं आएंगे, तब तक ठीक नीति नहीं बन सकती और मामला इसी प्रकार चलता रहेगा।"जिसके पैर न फटी बिवाई, वह क्या जाने पीर पराई" जो किसानों के दर्द और तकलीफ को जानता है, वही कुछ कर सकता है। इसलिए गांव में किसानों के बच्चों के लिए अच्छी शिक्षा के स्थान होने चाहिए, अच्छी स्वास्थ्य सेवा और दूसरी सुविधाएं होनी चाहिए। जब तक ये सुविधाएं नहीं मिलेगा तब तक देश आगे नहीं बढ़ सकता और अगर किसान आगे नहीं बढ़ेगा, किसान तरक्की नहीं करेगा, गांव तरक्की नहीं करेगा तो यह देश भी तरक्की नहीं कर सकता। शहरों में रोजाना सड़कें बना दें, अच्छी बसें चला दें या कुछ भी कर लें, शहर से देश आगे नहीं बढ़ेगा। हम दूसरों को दिखाने के लिए कह सकते हैं कि हमने विकास किया है। सड़कों पर लाखों गाड़ियां हैं, जगह नहीं मिलती। देश तब तरक्की करेगा जब किसान खुशहाल होगा, आत्महत्या नहीं करेगा और जब किसान के चेहरे पर मुस्कुराहट होगी,

तभी यह देश आगे बढ़ेगा, ऊंचा उठेगा। इसलिए अगर हम किसानों की दुआएं नहीं ले सकेंगे तो निश्चित रूप से हमारा यहां बैठना बेकार है।

मैं आज सदन के सभी सदस्यों से निवेदन करना चाहूंगा कि किसान ने अपने खून-पसीने की कमाई से इस देश के भंडारों को भरा है। 65 लाख मिलियन टन अनाज हमारे देश के अंदर पड़ा हुआ है, उसके बावजूद भी अगर किसान का हम सम्मान नहीं कर सकते, उसे न्याय नहीं दे सकते तो देश के लिए उचित नहीं होगा। जैसा एक बार पहले किया गया था, जब आजादी की लड़ाई लड़ी गई थी और देश के लाखों लोगों ने उसमें अपनी शाहदत दी थी, अब एक आजादी की लड़ाई किसानों के लिए भी लड़नी पड़ेगी। अभी किसानों को सही मायने में देश की आजादी का लाभ नहीं हुआ है। 54 साल की आजादी के बाद भी किसान गुलाम हैं। भाव ज्यादा हों तो भी उसे कहा जाता है कि तुम्हें उसी कीमत पर अनाज देना पड़ेगा। उससे जबरदस्ती लिया जाता है। आज तो अनाज के भाव कुछ और हैं और मिनिमम सपोर्ट प्र ाइस कुछ और है। ऐसा भी समय था जब मार्केट प्राइस बहुत ज्यादा थी और मिनिमम सपोर्ट प्राइस बहुत कम थी। किसान से जबरदस्ती अनाज लिया जाता था, अगर कोई जबरदस्ती नहीं देता था तो उसे जेल में डाल दिया जाता था। इसलिए किसानों को सम्मान और न्याय देना होगा और इसके लिए हम सब को मिल कर काम करना पड़ेगा।

मैडम, इस देश ने आजादी के बाद तरक्की की है, इसमें कोई संदेह नहीं है। हमें इस चीज की व्यवस्था करनी पड़ेगी कि अगर कोई चीज हमारे यहां बहुत ज्यादा पैदा होती है, वह हमारे पास सरप्लस होती है। हमारे पास एडीबल आयल वगैरह बहुत कम होते हैं जो हमें बाहर से मंगाने पड़ते हैं। क्या सरकार इस तरह की व्यवस्था नहीं कर सकती कि कौन किसान क्या चीज बोए और उसे हम कितना पैसा दें, आप पहले इसे तय करें। अगर हम उसे इंसेंटिव देंगे तो हमें कोई भी चीज विदेश से नहीं मंगानी पड़ेगी। हम हर चीज अपने देश में पैदा कर सकते हैं। हमारे यहां ऐसा मौसम और जमीन है कि हम अपने देश में वे सारी चीजें पैदा कर सकते हैं। हमें आत्मनिर्भर बनना चाहिए, दूसरों से कम से कम चीजें खरीदनी चाहिए। यह बात सही है कि जब सब्सिडी की बात आती है, विदेशों में बहुत ज्यादा सब्सिडी देकर वे अपने माल को हिन्दुस्तान में बेचना चाहते हैं, हमें उनसे भी सावधान होना पड़ेगा। हमें अपने किसानों को कितनी भी सब्सिडी देनी पड़े, हमें इस बात को देखना होगा।

अगर हमारे देश में वे चीजें पैदा हो सकती हैं और हमारे देश में वे चीजें हैं तो विदेशों से मंगाने पर, हर कीमत पर उनके ऊपर रुकावट लगानी पड़ेगी। मैं समझता हूं कि यह जरूरी है, क्योंकि इसके लिए किसान को सेठ-साहूकारों के पास दर-दर ठोकरें खानी पड़ती हैं। एनडीए की सरकार ने किसानों को क्रेडिट कार्ड देकर करीब एक करोड़ किसानों को लाभ पहुंचाया है, यह निश्चित रूप से एक बहुत बड़ी बात है। किसान नीति बनाई गई है, एनडीए की सरकार ने ।इनके लिए और भी कई ऐसे काम किए हैं जिससे इन्हें लाभ पहुंचे हैं। कपास के लोगों के लिए टैक्नोलॉजी मिशन बनाया गया है और कोल्ड स्टोरेज के लिए भी 25 प्रतिशत सब्सिडी वगैरह दी गई है। सरकार ने बहुत सी दिशाओं में काम किया है लेकिन ओर भी बहुत सी दिशाओं में इस सरकार को काम करने की आवश्यकता है। मुझे पता है कि एनडीए की सरकार किसानों की सरकार मानी जाती है। आज देश का कृाि मंत्री भी किसान का बेटा है।â€¦ (व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : Order, order. Please sit down....(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Nothing will go on record if you go on like this....(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Will you please sit down?...(*Interruptions*)

**श्री साहिब सिंह :** मैडम मैंने जब पिछली बार गलती से सदन में विपक्ष की नेता को किसानों की नेता कह दिया था तो ये लोग बड़ा चिल्लाए थे, बड़ा शोर मचाया था, अब जब मैं कह रहा हूं कि एनडीए की सरकार किसानों की सरकार जानी जाती है तब भी ये शोर मचा रहे हैं। आपको बीमारी क्या है, परेशानी क्या है? आप लोग सोनिया गांधी जी को किसानों की नेता नहीं मानते, अजित सिंह जी को किसानों का नेता नहीं मानते तो किसे किसानों का नेता मानते हो?

मैं एक निवेदन करना चाहता हूं कि किसानों को बहुत सी बातों की जानकारी नहीं मिलती। फसल के बारे में किसानों को जानकारी मिलनी चाहिए। उसकी व्यवस्था होनी चाहिए। कृाि चैनल है, बहुत सारे चैनल हैं, बड़े विचित्र कार्यक्रम उन पर आते हैं।

कई लोग 12 बजे देखते हैं, कई लोग तीन-तीन बजे तक देखते हैं और कई लोग उन कार्यक्रमों को देखने के लिए सोते तक नहीं हैं। किसानों को अच्छी जानकारी मिले, उनको कानून के बारे में पता चले। सरकार ने किसानों के लिए, मजदूरों और उनके बच्चों के लिए इतनी योजनाएं बनाई हैं लेकिन उन योजनाओं की जानकारी के अभाव में उनका लाभ उनको नहीं मिल पा रहा है। जितनी भी योजनाएं हैं, उनका लाभ किसानों को, गरीब आदमियों को, गांव के आदमियों को नहीं मिल पा रहा है। इसलिए एक कृाि चैनल बनाने की आवश्यकता हैं जहां पर सारी जानकारी उनको मिल सके और वे उसका अधिक से अधिक लाभ उठा सकें। इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपना बात समाप्त करता हूं।

**श्री लक्ष्मण सिंह (राजगढ़) :** आदरणीय सभापति जी, मैं माननीय बसुदेव आचार्य जी को और उन सभी माननीय सदस्यों को बधाई देता हूं जिन्होंने नियम 193 के तहत इस महत्वपूर्ण विाय पर चर्चा प्रारम्भ की है। मैं आपके माध्यम से अध्यक्ष जी को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने इस महत्वपूर्ण विाय पर चर्चा की अनुमति दी। मैं कृाि मंत्री जी से और उनके अधिकारियों से उम्मीद करता हूं कि वे जो सदन में सदस्य चर्चा कर कर रहे हैं अपने विचार रख रहे हैं, उन विचारों को किसानों के खेत तक पहुंचाने का कट करेंगे।

सभापति जी, जब भी हम भारतीय कृाि की बात करते हैं या कृाि की बात करते हैं तो हमें ध्यान रखना चाहिए कि प्रतिर्वा हमारी लाखों हैक्टेयर जमीन या तो बाढ़ की या सूखे की चपेट में आ जाती है। अगर इन बातों को ध्यान में रखकर हम कृाि नीति नहीं बनाएंगे तो उसका कोई मतलब नहीं होगा। अगर कृाि नीति अधिकारियों या विश्व बैंक के दबाव में या विश्व बैंक के गलियारों में जो ज्यादा घूमते हैं उनके हिसाब से बनाएंगे तो इस देश की कृाि का कोई महत्व नहीं रहेगा। कृाि नीति ऐसी होनी चाहिए जो किसान के हित में हो।

सभापति महोदय, हमारे देश में एक कृाि वैज्ञानिक हैं - डा. एम.एस. स्वामीनाथन - जिन्होंने एक विशो उपलब्धि देश को कृाि के क्षेत्र में दिलाई और जो देश एक समय भूखमरी के कगार पर पहुंच गया था आज उसी भारत में 60 मिलियन टन गेहूं और चावल हमारे भंडारों में भरा पड़ा है। उन्होंने चैनेई में एक रिसर्च फाऊंडेशन बनाया और उस फाऊंडेशन ने एक रिपोर्ट भेजी है। मुझे आशा है कि आपने वह रिपोर्ट पढ़ी होगी और अपने अधिकारियों को भी दी होगी। एफ.ए.ओ के साथ मिलकर जो रिपोर्ट उन्होंने तैयार की है उसमें इस बात का उल्लेख है कि अगर हमें विश्व व्यापार संगठन के अंतर्गत कृाि के क्षेत्र में विश्व में कम्पीट करना है तो हमें पर्यावरण को बचाना पड़ेगा। जल के स्रोत जो कम हो रहे हैं उनको बचाना पड़ेगा और देश में एक उपयुक्त वायु-मंडल बनाना पड़ेगा, तभी हम इस लड़ाई को जीत सकेंगे।

आज विश्व व्यापार संगठन में दस्तखत करने के बाद एक प्रतिस्पर्धा में भारत खड़ा है और भारत के कृाक को प्रतिस्पर्धा करने पर मजबूर कर दिया गया है लेकिन आज प्रतिस्पर्धा में जीतने की क्षमता हममें है।

इस प्रतिस्पर्धा को जीतने के लिए आज क्वांटिटी के साथ क्वालिटी पर ध्यान देना पड़ेगा, कृाि उत्पादन की गुणवत्ता पर ध्यान देना पड़ेगा लेकिन देश में क्या हो रहा है? आज दो मापदंड अपनाए जा रहे हैं -एक मापदंड उन कृाि वस्तुओं के लिए है जो विदेशों से आ रही हैं और दूसरा मापदंड उन वस्तुओं के लिए है जो किसान बनाता है। यदि दो मापदंड बना कर चलेंगे तो डबल्यूटीओ में कम्पीट नहीं कर पाएंगे। हमारे देश में अधिकांश छोटे किसान हैं, लघु कृाक हैं, सीमांत कृाक हैं और मध्यम कृाक हैं। आज देश की आबादी बढ़ रही है। उसके कारण लघु और सीमांत कृाक को उसका बोझ झेलना पड़ रहा है। बढ़ती आबादी के कारण जल स्रोत कम हो रहे हैं। मुझे इस बात की आशंका और भय है कि लघु और सीमांत कृाकों को बचाने के लिए सरकार कोआपरेटिव फार्मिंग की बात नहीं कर रही है। वह उन्हें खत्म करने के लिए कांट्रैक्ट फार्मिंग और कारपोरेट फार्मिंग की बात करती है। अगर कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग और कारपोरेट फार्मिंग चली तो जो भू-स्वामी कांग्रेस ने इतने वाँ में बनाए थे, वे फिर भूमिहीन न बन जाएं, मुझे इस बात का डर है। आज सहकारिता कृाि से जुड़ी है। सहकारिता और कृाि को अलग नहीं किया जा सकता है। देश में सहकारिता ने पिछले 40-50 वाँ में एक इतिहास रचा है। अमूल डेयरी जैसे संस्थान आज हमारे देश में हैं जो 40 लाख परिवारों का पेट भरते हैं। यह सहकारिता के क्षेत्र में हमारी उपलब्धि है लेकिन उस सहकारिता के प्रेरणा स्रोत डाक्टर कुरियन आज दुखी हैं, उन्हें महत्व नहीं दिया जा रहा है। पता नहीं क्यों नहीं दिया जा रहा है? मैं माननीय मंत्री जी से अपील करूंगा कि वह स्वयं अच्छे और माने हुए कृाक परिवार से आते हैं। आज सहकारी समितियों का क्या हाल है? उन पर तरह-तरह के वित्तीय अनुशासन लगाए जा रहे हैं। जो बहुराट्रीय कम्पनियां हैं, उद्योगपति हैं, उनके ऊपर कोई वित्तीय रोक नहीं लगाई जा रही है। सहकारी बैंकों के कर्जों को जबर्दस्ती किसानों के घर जाकर उनके सामान बेच कर वसूल किया जा रहा है। बड़े-बड़े उद्योगपतियों को जो कर्जे दिए, उससे 60 करोड़ का एनपीए एक-दो साल में 95 हजार करोड़ रुपए का हो गया लेकिन वित्त मंत्री को केवल उनकी चिंता है। यदि वह थोड़ ध्यान कोआपरेटिव संस्थाओं को दें तो किसानों को बहुत सहायता मिल सकती है।

छोटे और मझोले किसानो के लिए मध्य प्रदेश सरकार ने आपके पास एक प्रस्ताव कोआपरेटिव फार्मिंग का भेजा है। शायद दूसरी राज्य सरकारों ने भी भेजा होगा। उन सभी प्रस्तावों को गम्भीरता से लेकर जो मदद राज्य सरकारों की हो सके, करें ताकि कोआपरेटिव फार्मिंग को बढ़ावा दिया जा सके।

देश में आज बेरोजगारी मुंह फाड़े खड़ी है। किसान के बेटे को गांव छोड़कर शहर की तरफ भागना पड़ रहा है और उसे शहर में अपने आत्मसम्मान के साथ समझौता करना पड़ रहा है। आवश्यकता इस बात की है कि उस किसान के बेटे को गांव में नौकरी दी जाए। जो शिक्षित बेरोजगार हैं, उन्हें प्रशिक्षण दें। हम एग्रो क्लीनिक खोलें। कम्युनिकेशन के क्षेत्र में हमने क्रांति की। कियॉस्क पंचायत स्तर पर खोलें। उसे 15-20 हजार की आबादी वाली जगहों में खोलें ताकि वे हमारे किसानों का मार्गदर्शन कर सकें। हम किसानों को तकनीकी खेती करने का तरीका बता सकते हैं।

हमारे किसानों को भू-संरक्षण का तरीका बता सकें, जल का उपयोग कैसे हो, यह बता सकें, फसलों के उचित दाम दिला सकें और इन बेरोजगारों को वहां लगाइये जिससे गांवों से शहरों की ओर होने वाले पलायन को रोका जा सके।

सभापति महोदय, आज देश की कृिा मंडियों की क्या हालत हो रही है। आज कृिा मंडियां सरकारी खजाने में करोड़ों रुपया जमा करती है लेकिन आज ऐसी राज्य सरकारें भी हैं जो कृिा मंडी द्वारा जमा कराये हुये पैसे को फाइनेंशियल कारपोरेशन को दे देती हैं जिनसे बड़े-बड़े उद्योगपति सांठ-गांठ करके पैसा अपनी जेब में ले जाते हैं और वह पैसा लौटकर वापस नहीं आता। अभी श्री वर्मा जी ने बहुत अच्छी बातें कही हैं। उन्होंने किसानों के हितों की बात कही है। मैं उनसे निवेदन करूंगा कि वे अपनी सरकार से कहें कि कृिा मंडियों के जिस पैसे का दुरुपयोग हो रहा है, उसे रोकने के लिये यहां कानून बनाये और किसानों की लूट को रोकने के साथ लुटेरों को जेल के सींखचों में बंद करें। जो पैसा कृिा मंडियों का जमा होता है, उससे कृिा मंडी के विकास के नाम पर नगण्य प्रतिशत खर्च किया जा रहा है। आज कृिा उत्पादन के विस्तार की आवश्यकता है। फूड बास्केट बढ़ाने की बात है। विश्व खाद्य संगठन की रिपोर्ट आई है कि विश्व में केवल 5-6 फसलें उगाई जाती हैं जिन्हें15 फसलें किये जाने की आवश्यकता है। इससे किसानों और देश की आमदनी बढ़ेगी। सरकार को एफ.ए.ओ. पर दबाव डालना चाहिये। हमारे पौटिक पदार्थ, जिनका हम उत्पादन करते हैं, को एफ.ए.ओ की लिस्ट में जोड़ें जिससे उसका एक्पोर्ट बढ़ें। इससे हमारे देश को लाभ होगा।

सभापति महोदय, हमारे देश में दालों के उत्पादन का विशो महत्व है। 1951 से लेकर 1961 तक हमारे देश में दालों का उत्पादन 4 मिलियन टन रहा। अब तक केवल 5 प्रतिशत की प्रतिर्वा वृद्धि हुई है लेकिन पिछले दो दशकों में यह उत्पादन 10.63 मिलियन टन ही रहा है। 1981-91 में यह उत्पादन 14.26 मिलियन टन रहा जोकि 2000 में घटकर 11.7 मिलियन टन रह गया। हमारे देश में कहावत है" दाल रोटी खाओ, प्रभु के गुण गाओ" लेकिन आज दालों का भाव देखिये। जब दालें इतनी महंगी हैं, तो कोई क्या खायेगा और कैसे प्रभु के गुण गायेगा?

सभापति महोदय, 1951 में प्रतिर्वा दालों की उपलब्धता 70.60 किलोग्राम थी जो अब घटकर 36 किलोग्राम प्रतिर्वा रह गई है जबकि दालों के भाव 20 रुपये किलो से ज्यादा हो गये हैं। यह संभव नहीं कि ऐसा व्यक्ति जो गरीबी रेखा के नीचे रहता है, अगर चाहे तो भी चैन से बैठकर दाल-रोटी नहीं खा सकता। हमारे मध्य प्रदेश में सोयाबीन का सबसे ज्यादा उत्पादन होता है लेकिन आज उसकी इंडस्ट्रीज की क्या हालत है। वहां की ऐसोसिएशन ने जो आंकड़े भेजे हैं, उनसे मैं सदन को अवगत कराना चाहता हूं।

Oilseed production came down from a high of 256 lakh tonnes to less than 188 lakh tonnes in the year 2000. Also, our imports of edible oils have skyrocketed from less than two lakh tonnes in 1995 to almost 50 lakh tonnes in the current year.

So, we have a classic case of our godowns and granaries overflowing with foodgrains, which costs the nation Rs. 15,000 crores a year because of the faulty policy.

India has achieved a self-sufficiency of 97 per cent in the oilseeds production, which today is touching 50 per cent or less, thus forcing us to buy massive quantities of edible oils from abroad.

SHRIMATI RENUKA CHOWDHURY (KHAMMAM): Shame!

SHRI LAKSHMAN SINGH : India's imports of edible oils have primarily shot up because of the great neglect of the Indian oilseeds sector by the Government of India by allowing imports of edible oils at very low duties, much against the interest of the oilseeds farmer.

सभापति महोदय, यह फूड, सिविल सप्लाईज एंड पी.डी.एस. मंत्रालय की स्टैंडिंग कमेटी की 11वीं रिपोर्ट है । उन्होंने इस बात पर जोर दिया है। लेकिन वह रिपोर्ट फूड एंड सिविल सप्लाइज मंत्रालय में पता नहीं किस कोने में धूल खा रही है । आप उस रिपोर्ट को निकलवाइये, ऑयल इम्पोर्ट बंद करिये और मध्य प्रदेश तथा देश के तिलहन के किसानों की तरफ झांककर देखिये ।

**सभापति महोदय** : आप क्रास कन्वर्सेशन मत करिये । लक्ष्मण सिंह जी आप चेयर को एड्रैस कीजिए ।

**श्री लक्ष्मण सिंह** : मैडम, हमारे देश ने मछली पालन में बहुत बड़ी उपलब्धि हासिल की है । इस र्वा हमने 1300 मिलियन यू.एस. डॉलर्स का निर्यात किया है । मछली पालन को सहकारिता से जोड़ना आवश्यक है । फिशरीज कम राइस की खेती चाइना में होती है, हमारे देश में बंगाल में होती है तथा अन्य प्रदेशो में भी होती है, जिसे बढ़ावा देना चाहिए । आज कार्प फार्मिगं पर जोर दिया जाए । आई.सी.ए.आर. के प्रयास से इसके अच्छे नतीजे सामने आये हैं । आज जो कार्प फार्मर है, एक लाख रुपये एक साल में एक हैक्टेअर से दो फसल लेकर कमा सकता है । जो श्रिम्स फॉर्मर है, वह एक हैक्टेअर से तीन लाख रुपये प्रति र्वा फसल लेकर कमा सकता है । आज आई.सी.ए.आर. को मजबूत बनाने की आवश्यकता है । मंत्री जी ने जो बजटरी सपोर्ट आई.सी.ए.आर. को दिया है, वह पर्याप्त नहीं है। एग्रीकल्चरल ग्रॉस डोमेस्टिक प्रोडक्ट में आपने एक प्रतिशत बजटरी सपोर्ट दिया है, आप इसे बढ़ाकर दो या तीन प्रतिशत करिये, जिससे कि आई.सी.ए.आर. अनुसंधान कर सके और वे अनुसंधान देश के किसानों तक पहुंच सकें ।

**सभापति महोदय** : आप समाप्त कीजिए, मुझे सबको बोलने का समय देना है। अभी बहुत से स्पीकर्स हैं । अगर ऐसा नहीं करेंगे तो मुझे दूसरे लोगों का समय काटना पड़ेगा ।

**श्री लक्ष्मण सिंह** : मैडम, मैं अपनी पार्टी की तरफ से दूसरा स्पीकर हूं, आप मुझे पांच मिनट का समय और दीजिए । मैं सदन का ध्यान हाल ही में दोहा में डब्ल्यू.टी.ओ. समिट के बारे में श्री मारन द्वारा दिये गये बयान की ओर आकर्िात करना चाहता हूं । मुझे यह जानकर बहुत दुख हुआ और शायद सदन और देश के हर नागरिक को दुख होगा कि श्री मारन ने यह स्वीकार किया कि दोहा समिट में पर्यावरण के मामले पर जो दबाव भारत को बनाना चाहिए था, वह दबाव भारत नहीं बना पाया । यह शर्म की बात है, पर्यावरण जैसा महत्वपूर्ण मुद्दा जो कृिा से जुड़ा है, आज विश्व के 80 प्रतिशत विकसित देश सबसे ज्यादा प्रदूाण फैलाते हैं । आज ग्रीन हाउस गैस एमीशन से भारी प्रदूाण फैलता है, जो कि 80 प्रतिशत विकसित देश फैलाते हैं न कि वह विकासशील देश फैलाते हैं । आज ग्लोबल वार्मिग हो रहा है । आज अगर उत्तर भारत में एक डिग्री तापमान बढ़ता है तो हमारे गेहूं की फसल की अवधि एक हफ्ते कम हो जाती है और उसकी वजह से पांच सौ से छः सौ किलोग्राम पर हैक्टेअर गेहूं का उत्पादन गिर जाता है । क्या कृिा का मामला पर्यावरण से जुड़ा हुआ नहीं है । लेकिन इसे गंभीरता से नहीं लिया गया ।

जो मल्टीनेशनल्स को कृिा के क्षेत्र में आने की अनुमति दी गई है, उसके बहुत अच्छे नतीजे सामने नहीं आए हैं। मैं एक किताब से थोड़ा उद्धृत करना चाहूँगा।

The author, Shri Devinder Sharma is recipient of World Food Day Award presented jointly by the FAO and the Indian Association for the Advancement of Science for excellence in agriculture reporting. He says :

**16.59 hrs. (MR. SPEAKER in the Chair)**

अगर जातिवाद का नारा खत्म हो जाए तो आप जीत कर नहीं आएंगे, आप सिर्फ जातिवाद के नारे पर जीत कर आते हैं। किसानों की समस्याओं का समाधान तब होगा जब पूरा सदन चिन्तन करे और फैसला करे कि किसानों को बचाना है तो उनकी सब्सिडी घटाने की बजाए बढ़ानी चाहिए, उनकी तरफ ध्यान देना चाहिए। कृाि के अंदर नई टैक्नोलॉजी लानी चाहिए, उन्नत बीज लाने चाहिए। हमारे साथी अमेरिका की बात कर रहे थे। मैं भी चार-पांच कंट्री के किसानों से मिल चुका हूं। वहां मैंने देखा है, हम वहां के किसानों के साथ अपने यहां के किसानों की तुलना नहीं कर सकते। अमेरिका के किसान के पास एक हजार एकड़ जमीन है और हमारे किसान के पास पांच बीघा जमीन है। अमेरिका के किसान को यह नहीं पता कि 24 घंटे में बिजली जाने का वक्त भी होता है और हमारे किसान को यह नहीं पता कि बिजली एक या दो घंटे से ज्यादा भी आ सकती है। आप लोग ही अभी चर्चा कर रहे थे। वहां पानी की कमी नहीं है, सूखा भी नहीं है। वहां हजार-हजार बीघा जमीन भी है। हमें यह बात उठानी चाहिए कि इस बार अमेरिका के अंदर मक्का इतना पैदा हुआ है, मंत्री जी, आप वहां जाइए।â€¦ (व्यवधान) विदेश में हमने भी देखा है।

**17.00 hrs.**

आज अमेरिका के अंदर आप जाकर देखें तो पता चलेगा कि वहां पर इतनी मक्का पैदा हुई है कि वहां बफर स्टॉक भरा पड़ा है। वहां की सरकार ने किसानों से पूछा कि आपने कितनी मक्का पैदा की है और उसके दाम किसानों के दे दिये। लेकिन हमारे देश में किसान कांग्रेस सरकार के 50 सालों की गलतियों का नतीजा भुगत रहे हैं लेकिन यहां पर किसानों के हितों पर केवल ये लोग बातें ही कर रहे हैं।

आज किसानों के हितों को बचाना बहुत ही जरूरी है और मैं तो केवल यही कह सकता हूं कि आज आप जिस किसान की बात कर रहे हो अगर आप उसके घर में जाकर देखें तो हकीकत यह है कि उसके यहां दो टाइम का अनाज भी नहीं है। किसान खेत में जितना पैसा लगाता है और उसको उसके जितनी पैदावार प्राप्त होती है उसको बेचने के बाद उसके पास एक पैसा भी नहीं बचता है। आप लोग भी गांव में जाते हैं और आपको पता ही होगा कि आज किसान सौ-सौ रुपये के लिए तरस रहा है, अपने बच्चों की दवा के लिए, बीमारी के लिए और उनकी शादी-ब्याह के लिए उसके पास पैसा नहीं है।

हमारे कृाि मंत्री जी बैठे हुए हैं। मेरे पास उनका 23 तारीख का एक लेख है। यह भी सही है कि अगर किसी ने किसानों को वोट क्लब दिखाया तो उनके पिता चौधरी चरण सिंह ने दिखाया था और किसानों के हक के लिए प्रयास किया था। मेरे पास 23 तारीख के लेख की फोटो-कॉपी है। उस लेख में जो वाक्य उन्होंने किसानों के लिए कहे थे वह उन्हें याद रखने चाहिए क्योंकि आज भी किसानों की दशा बदली नहीं है। आज कुर्सी पर बैठकर उन्हें किसानों की हालत को बदलना होगा। वे खुद एक कृाक परिवार से हैं और वे किसानों की हालत को अच्छी तरह जानते हैं।

मैं भारत के प्रधान मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहता हूं जिनके प्रयास से यह चर्चा हम कर रहे हैं। इससे पहले तो किसानों पर इतनी गंभीरता से बात ही नहीं हुई। मैं समझता हूं कि आज हम सबको मिलकर किसानों की दशा सुधारने के लिए प्रयास करना होगा। हम चाहे एक दूसरे पर आज कितना ही आरोप-प्रत्यारोप लगाते रहे लेकिन आज हकीकत यही है कि देश का किसान मर रहा है और आज हमें उसे ऊमर उठाने की जरूरत है।

__________

**17.10 hrs**

SHRI V.M. SUDHEERAN (ALLEPPEY): Mr. Speaker Sir, I thank you very much for giving me an opportunity to participate in the discussion.

Sir, we were anxiously hearing the statement made by the hon. Commerce Minister. I am very sorry that he laid such statement, at this juncture, during the discussion on the plight of the farmers. I strongly feel that the Doha Summit has caused more problems and more difficulties to the farming community. It does not envisage any rescue measures or any saving measures for the farming community in this country. The hon. Minister has asked us to wait till the final negotiations are held. But I am sorry to say that the plight of the farmers of our country will be worse and more and more our farmers will be forced to commit suicides. So, WTO situation has to be discussed in depth and all aspects have to come to the House, and we should not surrender ourselves to the interests of the foreign countries.

Sir, we all agree that the backbone of the Indian society has been the farmers. But the very existence of the backbone is in jeopardy and in extreme danger. Despair, disillusionment, destitutions and heavy debt have driven them to suicide. As already mentioned by my esteemed colleagues, we have been receiving reports from different parts of India including my own State Kerala, where farmers are committing suicides. Most of the agricultural commodities in our country, as a whole, and especially in Kerala, have been facing acute price fall. As a result of this, the farmers are under severe financial stress and are not in a position to repay the loans taken from banks and other financial institutions.

Sir, it is assessed that the decline in the yearly domestic average wholesale price of various crops in Kerala since 1999 is 45 per cent for coconut oil, 53 per cent for pepper, 64 per cent for coffee, 41 per cent for ginger and 16 per cent for tea. The price of the natural rubber has also been steadily declining since 1995-96. It is highly regrettable to note that even after the declaration of minimum price for natural rubber, the price is far below the notified minimum price.

Sir, I am very happy that the hon. Minister for Commerce and Industry is sitting here. He will kindly note all these points very seriously. Though the Union Government had declared the support price for copra, NAFED has not entered the market for procurement of copra so far. The repeated assurances of the Union Government to Kerala Chief Minister, Shri A.K. Anthony, have not been implemented so far. The credibility of the Union Government is very much suffered due to this.

Sir, the hon. Minister for Agriculture, Shri Ajit Singh, is a very respectable personality and has been honoured by people in the country. However, in Kerala, a feeling has been developing that his words could not be believed. That credibility crisis is there. So, Sir, please bear with us for making this statement because you have assured the Kerala Chief Minister twice and the Chief Minister announced your assurance, but nothing happened according to your assurance. This has adversely affected the credibility of your Government.

Sir, the very objective of notifying a minimum support price is totally defeated, if procurement operations are not done when the price crushes unprecedently. The plantation sector in Kerala especially coffee, tea, arecanut, etc., faces serious crisis due to decline in the prices of these commodities.

**1715 hrs. (Shri Devendra Prasad Yadav *in the Chair*)**

Sir, paddy cultivation is also on the verge of extinction as the cultivation has become uneconomical. The prices of the agricultural commodities have declined causing heavy losses to the economy of the State of Kerala. Recently, Shri K.M. Mani, our hon. Minister of Revenue, Government of Kerala has categorically stated that Kerala has incurred a loss of Rs. 6,000 crore of agricultural income during the last five years due to the fall of the prices of agricultural commodities. Apart from this, the intermittent natural calamities also made the life of farmers extremely miserable. This year itself, Kerala sustained a total loss of about Rs. 552 crore.

Maybe on consideration of political advantage, the Central government has shown extreme generosity to certain States whereas Kerala has been totally ignored. Kerala's legitimate and repeated requests have been dumped into the waste-bin. It is deplorable and highly protestable. I place on record the strong protest of the people of Kerala against the indifferent attitude of the Union Government.

You have been kind enough to provide financial assistance to various States. But the calls or requests of Kerala have been mercilessly turned down by this Government which is most unfortunate. I urge upon the Union Government to sanction at least Rs. 500 crore as a special grant to Kerala for the reconstruction and rehabilitation of the agricultural economy.

Sir, skin deep measures will not solve the unprecedented serious situation being faced by the farming community. A positive national policy and a fresh farmer-friendly approach is needed to the farmers. As the speakers before me have mentioned, we have been discussing the farmer issue from Session to Session. But what is the result? Nothing has been concretely done. Therefore, I request the hon. Minister and the Government to have a deep study of the problems being faced by them. There should be a national policy and a farmer-friendly approach to face the situation and save the farmers.

In order to protect our farmers from utter helplessness and disaster, the Government has to set up a National Farmers' Fund providing Rs. 20,000 crore for rendering effective relief and various assistance and incentives for the farmers for their existence. We have been creating so many funds and so many schemes. But what exactly have you done for the farmers? Mere lip service will not do anything. So, let us find out the resources from various quarters and set up a National Farmers' Find to help the farmers in their interest and for their existence.

The Government have to support their lives by writing off all the agricultural debts to avoid them from committing further suicides. The Government of Kerala has recently introduced a Bill to give some solace. But as the Union Government you have to take all the steps to write off all the debts of all sorts of the agriculturists in the country so that they may be given some basic relief.

Steps may be urgently taken for the inclusion of natural rubber and coir as agricultural commodities under the WTO Agreement on Agriculture. The negotiations are going to be held soon. So, I request the hon. Minister of Commerce to take action. We are very happy that the hon. Minister of Commerce has initiated some steps in this regard. He has to follow it up and take all steps to see that rubber and coir are included in the list of agricultural commodities.

Import of natural rubber to India should not be permitted. STC may be directed to procure at least 50,00 tonnes of natural rubber.

Sir, the tyre manufacturers may be asked to procure natural rubber ensuring declared Minimum Support Price to the growers. NAFED may be asked to procure Copra immediately, as has been assured by the Government, at the declared support price. Steps may also be taken to ensure that the benefits of procurement reaches the real growers. There are wide criticisms about some deal in respect of procurement of copra. So, it has to be ensured that real benefits of copra procurement reaches the farmers.

Sir, steps may also be taken to restrict the import of palm oil and the import duty on palm oil should be increased at the rate of 300 per cent. I am sorry to say that the rate of import duty on palm oil has been reduced as a result of the visit of our hon. Prime Minister to Malaysia. I am sorry to say and I may be pardoned for saying that when our hon. Prime Minister and other Ministers go abroad, they become very charitable to the cause to the countries they

visit. But they are not charitable to the cause of the people of this country. Now the tariff and the import duty on palm oil has been reduced against the interests of the farmers of our country. The farmers producing coconut are very much worried about it and we are shocked to hear that the Government has decided to reduce the import duty on palm oil. A very serious situation has arisen out of this decision. The people are totally disappointed and frustrated and they are protesting tooth and nail against this decision.

Sir, the bilateral agreement between India and Sri Lanka has adversely affected some of our agricultural products. We are making agreements with our neighbours and other countries at the cost of the interest of the farmers of our country. This is very bad. Steps must be taken to increase the basic customs duty on edible oil in keeping with the WTO bound rate of 300 per cent. The import duty on coffee and tea should be increased to 116 per cent and 150 per cent respectively. Substantial help may be provided for the re-construction and rehabilitation of the plantation sector. Financial assistance should be given for supporting paddy cultivation in this country. Floor price for coffee, pepper etc. should be declared and this should be procured by the system as has been devised by NAFED.

Sir, now crores of people in this country are being forced to eat only one meal a day on account of the withdrawal of the PDS facility. You know this subject very well. With the withdrawal of support price and purchase of foodgrains from the next crop season, the plight of the farmers would be simply pitiable. They would have to sell their products at throw away prices and they would be at the mercy of the food cartel.

Sir, this Government has decided to withdraw subsidy on diesel from April, 2002 and this would make the price of diesel equivalent to petrol making it beyond the reach of the farmers and transporters. The Government has withdrawn subsidies on diesel, fertilizer, pesticides and on other agricultural inputs. As a result of this, the price of diesel has increased from rupees five per litre to Rs. 17 per litre. Similarly, the prices of LPG, fertilizer and other agricultural inputs have risen sharply. The rate of interest on loans advanced for the purchase of cars, colour TVs, fridges etc. have been slashed and brought down from 16 per cent to 11 per cent in one year whereas the rate of interest being charged by the nationalised banks from the farmers on loans taken for agricultural purposes is 24 per cent.

Seventeen per cent of the land development banks' money, 24 per cent of the cooperative banks' money, and the being advanced by various banks to agriculturists is being financed by the NABARD, which only charges 4 per cent rate of interest from the above banks. The farmers are being arrested for default of repayment of loan. Their land is being sold through auction by the nationalised banks after obtaining decrees from civil courts. The wrong policies of the Government are responsible for the suicides of farmers. If the Government continues with these policies and this approach, we cannot prevent these suicides from happening and it may lead to an alarming situation. That is against the interest of our country.

The whole farming community is now watching and waiting for the outcome of this discussion. I would request the Government to come forward with some drastic and concrete measures to save the farmers. Otherwise, there would be no point in this discussion and there would be no point in our sitting in Parliament.

**श्री रघुनाथ झा (गोपालगंज) :** माननीय सभापति महोदय, सदन आज एक अत्यन्त महत्वपूर्ण विाय पर चर्चा कर रहा है और मुझे खुशी है कि आपने इस विाय पर हो रहे वाद-विवाद में मुझे बोलने की इजाजत दी। सदन में गत वा भी किसानों की हालत के बारे में चर्चा की गई, लेकिन उसका फलाफल नहीं मिला। उसके लिए कोई ठोस कार्रवाई हो, वह नहीं हो सकी।

महोदय, आपको याद होगा कि सदन में गत वा किसानों के धान को क्रय करने के बारे में, चावल को क्रय के बारे में काफी जद्दोजहद हुई, विवाद हुए, प्रस्ताव आए। उस समय के खाद्य मंत्री, आज यहां उपस्थित नहीं हैं, श्री शान्ता कुमार जी, जो आज भी खाद्य मंत्री हैं, उन्होंने कहा कि जो राज्य जितने क्रय केन्द्र लेना चाहते हैं, वह देने के लिए वे तैयार हैं। हमारे यहां मैथिली में एक कहावत है `की पर सई घी गप त लीऊ लप के लप` उसके अनुसार जब कोई चीज नहीं देना चाहते हैं, तो इसी तरह का प्रस्ताव लोग दे देते हैं। यदि मैं यह कहूं कि गत वा भारतीय खाद्य निगम ने बिहार के किसानों के साथ धोखाधड़ी की, तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। हमें लगता है कि माननीय मंत्री जी का विभाग पर कोई असर नहीं है। माननीय मंत्री जी गत वा विहार गए, तो अधिकारियों से बात की और वापस अपने पार्टी दफ्तर में चले गए। उन्होंने बिहार से सासंदों से बात करने की भी आवश्यकता महसूस नहीं की।

**सभापति महोदय** : माननीय रघुनाथ झा जी, माननीय खाद्य मंत्री जी तो स्वयं सरकार हैं।

**श्री रघुनाथ झा** : माननीय सभापति महोदय, यह तो हम जानते हैं कि वे स्वयं सरकार हैं, लेकिन आज जो हमारी स्थिति है वह बहुत दयनीय है। हम बहुत विनम्रता पूर्वक निवेदन करना चाहते हैं कि बिहार में देश के सबसे अधिक किसान रहते हैं और देश की कुल आबादी के 80 प्रतिशत लोग किसानी और खेती का काम करते हैं। आज देश के किसान और मजदूर की सबसे अधिक दुर्दशा है। हम लोग जो बिहार से आते हैं, वे बिहार के हालात को बहुत अच्छी तरह से जानते हैं।

माननीय कृा मंत्री जी और उनके पीछे बैठे हुए राज्य कृा मंत्री जी, जो किसान परिवार से हैं, वे भी बिहार के हालात से अच्छी तरह परिचित हैं, लेकिन इस बार उनके

बयान को पढ़कर मुझे बहुत निराशा हुई। उन्होंने बयान दे दिया कि बिहार में धान नहीं खरीदेंगे बल्कि चावल खरीदेंगे। अब आप स्वयं जानते हैं कि बिहार में धान से चावल बनाने की मिलें ही नहीं हैं, वहां चावल बनता ही नहीं है, तो आप चावल कहां से खरीदेंगे ? जैसा प्रधान मंत्री जी ने पंजाब में पैकेज ऐलान कर दिया, वैसा बिहार में भी होना चाहिए। जब बिहार का बंटवारा हो रहा था, तो इसी सदन में हम लोगों ने मांग की कि हमें एक विशो पैकेज दिया जाए, तो माननीय गृह मंत्री जी ने बहुत ही उदारतापूर्वक भााण दिया कि बिहार के हालात से हम परिचित हैं।

बिहार के लिए हम डैडीकेटेड सैल प्लानिंग कमीशन में बनाना चाहते हैं और प्लानिंग कमीशन के जरिए बिहार को मदद करवाएंगे। बटवारा हुए एक साल हो गया लेकिन बिहार को क्या मिला? बिहार के किसानों के साथ इस तरह से भेदभाव क्यों हो रहा है? महोदय, आप बिहार की स्थिति से परिचित हैं। बिहार के बटवारे में हमारे सारे उद्योग-धंधे झारखंड में चले गए, हमारे बिजली के सारे कारखाने चले गए, हमारे पास सिर्फ कृाि, बाढ़, सुखाड़, आलू, दूसरी बात नहीं बोलेंगे, रह गया।â€¦ (व्यवधान)

**श्री प्रियरंजन दासमुंशी :** बिहार के बल पर ही यह सरकार चल रही है।

**सभापति महोदय** : दासमुंशी जी, आप सीनियर मैम्बर हैं, माननीय सदस्य को बोलने दें।

**श्री रघुनाथ झा** : बाढ़ कहां से आती है? नेपाल की नदियों से आने वाली बाढ़ से हर साल हमारा नुकसान होता है। हम जहां से चुन कर आते हैं, गोपालगंज से किशनगंज तक उत्तर बिहार के सब जिले इस बार बुरी तरह प्रभावित हुए। कई जगह तटबंध टूटे, कई जगह सड़कें टूटीं, दो सौ से अधिक लोग बाढ़ में मारे गए लेकिन उनको कोई राहत देने की बात नहीं होती। फरक्का से लेकर कहलगांव तक गंगा से दोनों तरफ हर साल कटाव होता है। लाखों एकड़ जमीन चली गई, सैंकड़ों गांव गंगा में विलीन हो गए। भारत सरकार ने वहां के लोगों को आज तक किसी तरह की मदद देने का काम नहीं किया। हम मंत्री जी से विनतीपूर्वक कहना चाहते हैं कि बिहार के लोगों के साथ भेदभाव नहीं बरता जाना चाहिए। बिहार के लोगों की निश्चित रूप से मदद करनी चाहिए। हमारा बहुत बड़ा इलाका जलजमाव का है। बहरियाताल, मोकामा ताल आदि में दस लाख लोगों की जमीन में जलजमाव रहता है। अगर सरकार से मदद मिल जाती तो जिस जमीन में हम 15 से 20 मिलियन टन अनाज पैदा करते हैं, उस जमीन में 50 से 60 मिलियन टन अनाज पैदा कर सकते हैं। उन लोगों की मदद करने की आवश्यकता है लेकिन यह सरकार किसी तरह मदद करने को तैयार नहीं है। बिहार में 32 शुगर फैक्ट्रियां थीं। भारत सरकार ने देश के दूसरे राज्यों - गुजरात, महाराट्र और उत्तर प्रदेश, चाहे सरकारी क्षेत्र में हो चाहे निजी क्षेत्र में हो, नई-नई शुगर फैक्ट्रियां लगाने का काम किया लेकिन बिहार को एक भी शुगर फैक्ट्री देने का काम नहीं किया। हमारे यहां कृाि पर आधारित उद्योग थे। हमारे जूट उद्योग बंद हो गए। बसुदेव आचार्य जी बता रहे थे कि पूर्वी बिहार का किशनगंज, कटिहार, मधेपुरा, सहरसा, जो जूट उत्पादन इलाके थे, चले गए। आज गन्ने के किसानों के सामने बड़ी समस्या यह है कि वे अपने गन्ने को फैक्ट्री में कैसे पहुंचाएं। फैक्ट्री नहीं है, पुरानी फैक्ट्रियां लगभग बंद हैं, 5-6 फैक्ट्रियां चल रही हैं। हमारे साथ इस तरह की बात क्यों हुई, हम जानना चाहते हैं। जब दूसरे राज्यों में फैक्ट्री लगाने का काम किया गया तो बिहार में क्यों नहीं किया गया। हम सरकार पर चार्ज लगाना चाहते हैं। हमारे इलाके में आम, लीची की खेती होती है, मखाने की खेती होती है। उस इलाके से हुकुमदेव नारायण जी आते हैं। श्री नीतीश कुमार ने कुछ अच्छा काम शुरू किया, उसे बढ़ाने का काम कीजिए। आम, लीची बाहर कैसे जाएगी, यह देखना चाहिए। इसके लिए कारगो की व्यवस्था होनी चाहिए। सरकार को निवेश करके, चाहे पटना, मुज़फ्फरपुर या गया हो, कारगो से सामान को बाहर भेज सकते हैं। हमारे यहां स्टोरेज की व्यवस्था नहीं है। आप सुनकर आश्चर्यचकित होंगे कि बिहार में एक कानून लागू है कि अगर कोई मर्डर, डकैती, किडनैपिंग करता है और जेल में जाता है तो वह सरकार का मेहमान होता है लेकिन अगर किसान बैंक से ऋण लेता है और महंगाई, बाढ़, सुखाड़ के कारण समय पर खेती नहीं कर सकता और उसे अगर पुलिस पकड़ कर जेल ले जाती है तो जब तक वह जेल में रहता है, उसका खर्च होता है।

यह अंग्रेजों का बनाया हुआ काला कानून आज तक बिहार में चल रहा है। वहां क्रिमिनल्स को सब सुविधा है, लेकिन किसान अगर जेल जायेगा तो उससे आप सारा खर्चा वसूल करेंगे। उससे खाने का खर्चा, उसको पकड़ने का खर्चा लिया जायेगा, यह किसानों के साथ भेदभाव हो रहा है। हम मांग करना चाहते हैं कि किसानों की मदद करने का काम होना चाहिए।

वित्त मंत्री जी तो अब झारखण्ड के हो गये हैं, किसान क्रेडिट कार्ड की यहां बहुत बार चर्चा हुई, उसका बिहार में कितने परसेंट बंटवारा हुआ? हमारे यहां उसका बंटवारा क्यों नहीं किया जा रहा है? ये सारी परिस्थितियां बिहार के किसानों को झकझोर रही हैं, आन्दोलन करने को मजबूर कर रही हैं। हम सरकार के समर्थक दल हैं, हम विनतीपूर्वक कहना चाहते हैं, हम समर्थन करेंगे, लेकिन अगर यह रवैया बिहार के किसानों के साथ रहेगा तो हमें सोचना पड़ेगा। बिहार के लोगों ने हमें समर्थन देकर भेजा है और माफ कीजिएगा, उत्तर प्रदेश ने जो समर्थन नहीं दिया, वह अटल बिहारी वाजपेयी जी के नेतृत्व को बिहार ने पार्लियामेंट में दिया। यह सरकार बनी तो बिहार के लोगों के बल पर बनी और सबसे उपेक्षित आज बिहार के लोग हैं। इसलिए बिहार के लोगों को उनका हक और हिस्सा मिलना चाहिए। आपने इस सदन में जो वायदा किया है कि हम पैकेज देंगे तो बिहार के लोगों को पैकेज देने का काम कीजिए। नेपाल की नदियों से हर साल हमारा नुकसान होता है, बिहार की सरकार क्या उससे बात कर सकती है? आप आधिकारिक व्यक्ति हैं, आप उनसे हमारे लिए बात कीजिए।

किसी दूसरी जगह समुद्री तूफान आता है, किसी तरह की आपदा पड़ती है तो आप मदद करते हैं। यह खुशी की बात है, उनकी मदद होनी चाहिए, उसमें हम लोग सहयोग देते हैं। हम चाहते हैं कि उनकी मदद होनी चाहिए, लेकिन बिहार में अगर हमारा नेपाल से आने वाली नदियों से नुकसान होता है तो उसको रोकने का प्रयास कीजिए और जब तक रोकने का प्रयास नहीं करते, तब तक होने वाले नुकसान की भरपाई करिये। हमारा 850 करोड़ रुपये का प्रतिर्वा नुकसान होता है, हमारी जमीन बर्बाद होती है, हमारी सड़कें टूटती हैं, हमारे स्कूल के भवन गिरते हैं, हास्पिटल बर्बाद हो जाते हैं और हमारा पूरा आवागमन बर्बाद हो जाता है। इस सरकार का उसकी तरफ ध्यान जाना चाहिए, हम यह मांग करना चाहते हैं। अजीत सिंह जी कृाि मंत्री हैं और हुक्मदेव नारायण यादव जी राज्य मंत्री, कृाि हैं, दोनों लोगों की बैकग्राउण्ड कृाि की है तो किसानों के हक में कुछ फैसला कीजिए और कुछ काम कीजिए। हुकमदेव बाबू इस तरह मुंह मत हिलाइये, कुछ हिम्मत जुटाकर किसानों के लिए काम करिये।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी वाणी को विश्राम देता हूं।

**डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह (वैशाली) :** सभापति महोदय, माननीय सदस्यों के भााण से जाहिर है और साबित हो रहा है कि देश भर के किसान तबाही में हैं। इंडिया टुडे पत्रिका ने मुखपृठ पर लिख दिया कि खेती करे सो मरे। किसान आत्महत्याएं कर रहे हैं, इससे बढ़कर क्या सबूत हो सकता है कि किसानों की दुर्दशा है, किसानों की हालत खराब है। आज केरल, कर्नाटक के किसान रो रहे हैं, आन्ध्र प्रदेश और केरल के किसान सुसाइड कर रहे हैं। हरियाणा, पंजाब, गुजरात और महाराट्र के किसान तबाही में हैं। आज धान, गेहूं, सब्जी, दूध, फल, गन्ना, जूट, सोयाबीन पैदा करने वाले किसान तबाही में हैं। मुर्गीपालन, बकरीपालन, भेड़पालन, मछलीपालन करने वाले सभी किसान तबाही में हैं।

अब मेरा पहला सवाल आसन से है, पहला सवाल आपसे है कि इस सदन के सभी दलों ने मांग की कि किसानों की समस्या के समाधान के लिए एक स्थायी समिति बननी चाहिए।

श्री नीतीश कुमार, तत्कालीन कृाि मंत्री और श्री प्रमोद महाजन, संसदीय कार्य मंत्री ने भी सहमति जाहिर की थी कि हमें कोई आपत्ति नहीं है इसलिए किसानों कि समस्या के समाधान के लिए संयुक्त संसदीय स्थाई समिति बननी चाहिए। क्यों बननी चाहिए, इसलिए कि किसानों की समस्या से 18 विभागों का मतलब है। अभी

रघुनाथ झा जी ने प्रोक्योरमेंट का सवाल उठाया, तो इसका कृाि मंत्री जी क्या जवाब देंगे। इसी तरह से कटाव का, बाढ़ का सवाल उठाया गया, उसका कृाि मंत्री जी क्या जवाब देंगे। इसलिए कैसे किसानों की समस्या का हल होगा ? खाद के बारे में, बीज के बारे में, विश्व व्यापार संगठन के मामले के बारे में कैसे ये जवाब दे पाएंगे। केवल रस्मी बहस होगी और रस्मी जवाब दे दिया जाएगा। उधर के माननीय सदस्य उनको धन्यवाद देंगे कि आपने क्रेडिट कार्ड किसानों को बांटे। अगर वास्तव में बांटे हैं तो फिर क्यों किसान आत्महत्या कर रहा है, क्यों आंदोलन कर रहा है। पूरे देश में आज किसानों की यह हालत हो रही है। इतना अनर्थ और अंधेरा हो रहा है कि कौन सी एंटी फार्मर्स फोर्स है, जो किसानों की स्थाई समिति बनने से सरकार को रोक रही है। मेरा दूसरा सवाल भी आसन से है।

**सभापति महोदय** : आप आसन से सवाल न पूछें, क्योंकि आसन से सवाल पूछने की परिपाटी नहीं है। आप सरकार से सवाल पूछिए।

**डा. रघुवंश प्रसाद सिंह** : सवाल पूछ सकते हैं। अभी किसानों के सम्बन्ध में विभिन्न विभागों से सम्बन्धित यहां सवाल किए गए, उनका जवाब कौन देगा, क्योंकि किसान ने अपना उत्पादन किया है, उसकी बिक्री नहीं हो रही है, उसको न्यूनतम समर्थन मूल्य नहीं मिल रहा है इसलिए कौन इन चीजों का जवाब देगा। इसलिए या तो प्रधान मंत्री जी स्वयं इसका जवाब दें।

**सभापति महोदय** : सरकार की संयुक्त जिम्मेदारी होती है। सरकार के मंत्री मौजूद हैं। संयुक्त जिम्मेदारी लेकर सरकार आपके प्रश्नों का जवाब देगी।

**डा. रघुवंश प्रसाद सिंह** : जिस समय यह हुकूमत बनी, किसानों के लिए दुर्भाग्य हुआ, वर्किंग क्लास के लिए दुर्भाग्य हुआ। आज पूरे देश में किसान तबाह हो रहा है। लेकिन बिहार का मामला ही अलग है। बिहार के साथ भेदभाव हुआ है। कोई माई का लाल इस बात को नहीं काट सकता कि बिहार और वहां के किसानों के साथ भेदभाव ही नहीं, उपेक्षा ही नहीं, बल्कि दुश्मनी हुई है, धोखाधड़ी हुई है। हुकुमदेव जी वहां मंत्री पद पर बैठे हैं। जब वे हमारे साथ थे तो किसानों के बारे में बड़े-बड़े भााण देते थे। इनको कभी जहाजरानी विभाग में तो कभी पशुपालन विभाग में स्थानांतरित कर दिया जाता है। आजकल ये कृाि मंत्रालय में राज्य मंत्री हैं। इन्होंने 17.11.2001 के दैनिक हिन्दुस्तान में कहा कि सरकार किसानों से धान नहीं सिर्फ चावल खरीदेगी। यह खरीद भारतीय खाद्य निगम के माध्यम से होगी। दूसरी तरफ उड़ीसा में इस सरकार के दूसरे मंत्री शांता कुमार जी, जो फूड मिनिस्टर हैं, उन्होंने शुक्रवार को वहां बयान दिया कि केन्द्र सरकार किसानों को संकट से उबारने के लिए धान की सीधे खरीद करेगी। उड़ीसा के मुख्य मंत्री नवीन पटनायक जी की मौजूदगी में केन्द्रीय उपभोक्ता मामले एवम् सार्वजनिक वितरण प्रणाली मंत्री श्री शांता कुमार ने यह घोाणा वहां की। उड़ीसा में इनकी सरकार है इसलिए वहां इस तरह का बयान दिया गया। दूसरी तरफ बिहार में विरोधी दल की सरकार है इसलिए दूसरे मंत्री जी ने वहां इस तरह का बयान दिया। अब आप देखें कि किस तरह से ये बिहार के किसानों का हित कर रहे हैं। इससे तो लगता है कि ये सिर्फ सरकार में बने रहना चाहते हैं इसलिए ऐसा कह रहे हैं।

**सभापति महोदय** : आप अपनी बात कहिए, सुझाव दीजिए।

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI : It is a very good point. Two Ministers are talking two different things in different States.

**डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह :** बिहार के साथ अन्याय हुआ है। शान्ता कुमार जी ने 9.11.2001 को यह ब्यान दिया है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य को वसूली से अलग करना चाहती है। यह एक साजिश है और इसे सरकार को साफ करना चाहिए। मिनिमम सपोर्ट प्राइस जो दी जा रही है, उसको भी सरकार समाप्त करना चाहती है, अलग करना चाहती है। इस संबंध में गुप्ता कमेटी ने भी रिपोर्ट दी है, लेकिन सरकार किसानों के गले पर छूरी चलाना चाहती है। ब्यान दिया गया है कि बिहार छः प्र ातिशत गेहूं पैदा करता है, लेकिन वहां से जरा भी वसूली नहीं हो रही है। किसानों के साथ धोखाधड़ी हो रही है। इतना ही नहीं, फूड एंड सिविल सप्लाईज़ विभाग की 11वीं रिपोर्ट में भी कहा गया है कि बिहार के साथ दोहरा मापदंड अपनाया जा रहा है और घोर उपेक्षा की जा रही है। अगर इस तरह से अन्याय होगा, अत्याचार होगा, भेदभाव होगा, तो कैसे देश का किसान आत्म-निर्भर हो सकता है।

इसके अलावा पिछले साल एक करोड़ दस लाख टन कृाि उत्पादन में कमी आई है। उत्पादन हर क्षेत्र में घट रहा है। जब यह स्थिति है, तो देश में फूड सिक्योरिटी कैसे होगी। जब सत्ता में आए थे, तो ऐलान किया गया था कि दस वाेर्ं में 100 प्रतिशत उत्पादन में वृद्धि करेंगे। आपको सत्ता में आए तीन वाे हो गए हैं, लेकिन दस प्र ातिशत उत्पादन घट गया है, तो कैसे दस वाेर्ं में 100 प्रतिशत उत्पादन बढ़ायेंगे। यह किसानों के साथ धोखाधड़ी है और किसानों के साथ अन्याय हो रहा है।

महोदय, इसके अलावा गोदामों में छः करोड़ टन अनाज सड़ रहा है। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि यह सरकार किसान विरोधी ही नहीं है, बल्कि अज्ञानी सरकार है। महोदय, आप स्वयं फूड मिनिस्टर रहे हैं। आप जानते हैं कि देश में 16 करोड़ परिवार 1991 की जनगणना के अनुसार गरीबी हैं। अब यह स्थिति 20 करोड़ के करीब हो गई होगी। इनमे दस करोड़ परिवार गरीबी की रेखा से ऊपर हैं और चार करोड़ परिवार गरीबी की रेखा से नीचे हैं। पीडीएस के माध्यम से इन परिवारों के लिए नौ रुपए गेहूं देने की व्यवस्था की गई थी। मुझे नहीं मालूम कि नौ रुपए किलों गेहूं देने का मापदंड क्या है, â€¦ (व्यवधान)

**डॉ.जसवन्त सिंह यादव : महोदय,** जब हम सदन में बोलते हैं, तो सारे कानून लागू होते हैं और जब ये बोल रहे हैं, तो â€¦ (व्यवधान)

**सभापति महोदय :** आप चेयर का संचालन नहीं कर सकते हैं। आप बैठ जाइए। आप सदन में पहली बार चुनकर आए हैं, आप नियमों को पढ़िए।

**डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह** : बाजार में चार रुपए किलो गेहूं मिल रहा है। ऐसी स्थिति में एक छटांक गेहूं भी पीडीएस में नहीं बिका। इसके बाद पीडीएस में कीमत 6.10 रुपए कर दी गई, फिर भी बाजार में गेहू पांच या छः रुपए में मिल रहा है। पीडीएस में एपीएल के लिए चीनी का कोटा खत्म कर दिया गया। गरीबी की रेखा से नीचे के लोगों के लिए तय किया था कि उनको 2.50-3.00 रुपए में उपलब्ध करायेंगे, लेकिन वह भी नहीं किया जा सका।

इन्होंने साढ़े चार रुपए किलो किया लेकिन बाजार में पांच रुपए किलो है। इसे कौन गरीब आदमी खरीदेगा। इसलिए अनाज का ऑफ-टेक बंद हो जाना चाहिए।â€¦ (व्यवधान) पीडीएस को भी खत्म कर दिया।

महोदय, छ: करोड़ टन से ज्यादा अनाज गोदाम में रखा है। आपने इसे रखने के लिए कितनी सब्सिडी खर्च की, इसे गरीब में बांटेंगे तो कितनी सब्सिडी लगेगी। आप इस बात का जवाब दें कि बांटने में कम सब्सिडी लगती और गोदाम में रखने में ज्यादा सब्सिडी लगी है।â€¦ (व्यवधान) यहां गरीब भूखा मर रहा है। उसे पूरा आहार नहीं मिल रहा है और अनाज सड़ रहा है। इनकी अन्नपूर्णा योजना फेल हो गई। अंत्योदय अनाज योजना फेल हो गई। अंत्योदय अनाज योजना में इन्होंने कहा कि हिन्दुस्तान में छ: करोड़ परिवार गरीबी रेखा से नीचे हैं, ये कहते हैं - पूअरेस्ट ऑफ द पूअर। â€¦ (व्यवधान)

मैं सरकार से जानना चाहता हूं कि जो गरीबी रेखा से नीचे लोग हैं उसमें पूअरेस्ट ऑफ द पूअर आप कैसे खोजेंगे। इस कारण से देश भर में यह योजना चोपट हुई और अनाज की खपत नहीं हो रही है। इनके गोदाम भर गए, इसलिए ये प्रक्योरमेंट भी नहीं करना चाह रहे हैं। इसलिए अनाज खरीद में तबाही हो रही है। आप कहते हैं कि मिनिमम सपोर्ट प्राइस की पद्धति ही खत्म कर दीजिए। इस तरह करना अज्ञानता होगी। किसान और गरीब विरोधी नीति लागू होगी तो इस देश का क्या होगा?

महोदय, कृाि विभाग के मंत्री जवाब दें कि बिहार के साथ इतना अन्याय क्यों हुआ? नौवीं पंचवीाय योजना में 5000 करोड़ रुपए सेंट्रली स्पोंसर्ड स्कीम में खर्च हुआ।

बिहार हिन्दुस्तान का दसवां हिस्सा है, हमारा 500 करोड़ हिस्सा होना चाहिए, लेकिन 55 करोड़ की मंजूरी हुई। नौवीं पंचवर्षीय योजना में केवल 25 करोड़ मिला, इसका जवाब दें। बिहार के साथ क्यों अन्याय हो रहा है। बिहार को भूखा-नंगा कहते हैं। 37 हजार करोड़ रुपया पेट काट कर बिहार के किसानों और मजदूरों ने जमा किया। हिन्दुस्तान बिहार के पैसे से चल रहा है। रघुनाथ झा जी कह रहे थे बाढ़ आई तो उसे रोकने का प्रबंध नहीं हुआ। भारत-नेपाल समझौता नहीं हुआ। â€¦ (व्यवधान) सुखाड़ हुआ तो तीसरे दिन 300-400 करोड़ रुपए का प्रावधान किया लेकिन बिहार को एक पैसा भी नहीं दिया, आप जवाब दें। अभी तक बिहार को बाढ़ और सुखाड़ में एक पैसा नही दिया।â€¦ (व्यवधान)

महोदय, बिहार में दूध पैदा करने वाले किसान हैं। बिहार से कम दाम पर दिल्ली में दूध आ रहा है। हमारा किसान दूध पैदा कर रहा है। कलकत्ता दूध क्यों नही जा रहा है। पटना से कलकत्ता निकट है, इसका जवाब सरकार दें कि कम दाम पर वहां दूध उत्पादन करने वाले किसनों से दिल्ली में दूध आने का फैसला हुआ, कलकत्ता जाने का फैसला क्यों नहीं हुआ। इसमें कौन स्वार्थी तत्व लगे हुए हैं। बिहार के दूध पैदा करने वाले किसान के साथ अन्याय किया जा रहा है।â€¦ (व्यवधान)

कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र पशुओं के लिए बंद हो गए। सरकार ने टैक्नोलॉजी मिशन में कहा था सभी सेंटर्स को चालू किया जाएगा, उसके लिए कुछ नहीं हुआ।â€¦ (व्यवधान) यह सरकार किसान और गरीब विरोधी है। इनसे किसानों का भला नहीं हो सकता है इसलिए इन्हें किसानों के मुद्दे पर हटाना पड़ेगा।

**श्री प्रहलाद सिंह पटेल (बालाघाट) :** सभापति महोदय, एक महत्वपूर्ण चर्चा माननीय श्री बसुदेव आचार्य जी ने आरम्भ की है और मेरे से पहले भी बहुत से अनुभवी माननीय सदस्यों ने जो इस विाय के विशोज्ञ हैं, इस पर चर्चा की है। मैं मध्य प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र से आता हूं। वहां एक कहावत है कि जब सियार को ठंड लगती है तो वह चिल्लाता है और सुबह को भूल जाता है। किसान का प्रश्न पहली बार नहीं आया है। हमने अपने महत्वपूर्ण 50 वा निकाले हैं और कुछ लक्ष्य प्राप्ति पर हम गर्व करते हैं लेकिन जिस अधिकता की हमने कृा में कल्पना की थी वह अधिकता आज हमारे लिए अभिशाप बन गयी है। मेरा सभी माननीय सदस्यों से निवेदन है कि हम एकजुट होकर इस पर गंभीरता से विचार करें। आज जो समस्या किसान के सामने है वह समस्या किन नीतियों के कारण है और किन नीतियों के कारण किसान के लिए यह दुर्भाग्य पैदा हुआ है। आज किसान ने अधिक उत्पादन कर लिया और उसके सामने अपनी फसल को रखने की समस्या है उसके विक्रय की समस्या है। सारे खाद्यान्नों की स्थिति ऐसी नहीं है लेकिन गेहूं और धान की अधिकता के कारण आज किसान आत्महत्या के कगार पर खड़ा है।

मैं आपके माध्यम से सरकार को धन्यवाद दूंगा कि जब माननीय नीतीश कुमार जी कृा मंत्री थे तो कृा नीति लेकर वे सदन में आये और सदन ने उसको स्वीकार भी किया। लेकिन क्रियान्वयन का जब समय आया है और किसान अपनी फसल लेकर जब सामने आता है तभी सरकार को उसकी चिंता होती है लेकिन हम चुप रह जाते हैं जब वह लुट-पिट जाता है। इस बात पर बहस हो सकती है कि कौन इसके लिए कितना जिम्मेदार है, दोा है। मैं इस बात पर आज जाना नहीं चाहता हूं।

जहां तक सरकार का सवाल है सरकार बायो-डायवर्सिटी बिल लेकर आई और यह किसान से जुड़ा हुआ कितना महत्वपूर्ण सवाल था लेकिन किसान चाहे कितना ही पढ़ा-लिखा क्यों न हो, उसको उसकी जानकारी नहीं है। सरकार प्लॉट वैराइटी बिल लेकर आई, लेकिन हमने उसकी चिंता नहीं की। मैंने पिछले सत्र में इस मामले को उठाया था कि एक कृा चैनल हमारे देश में होना चाहिए। लेकिन मुझे नहीं लगता है कि उस पर कोई प्रयास हो रहा है। पृथक कृा चैनल की बात जब हम करते हैं तो उसमें सीधा संबंध किसान का सरकार की नीतियों से हो जाता है। जो अनियंत्रित तरीके से विकास हुआ है उसकी भरपाई हम नहीं कर पायेंगे।

मैं धान के क्षेत्र से आता हूं। अभी अगर किसान के पास 200 किवंटल धान है तो मंडी या सोसाइटी या फैडरेशन उसको खरीदने के लिए तैयार नहीं है। मैं इस बात पर टिप्पणी कर सकता हूं लेकिन मुझे लगता है कि यह समय टिप्पणी करने के लिए उपयुक्त नहीं है। वर्तमान में किसान के पास ऊर्जा के स्रोत के रूप में बिजली या डीजल नहीं है। मैं पूछना चाहता हूं कि जब उसके पास बिजली या डीजल नहीं है तो वह खेती कैसे करेगा? मेरा नरसिंहपुर क्षेत्र एशिया का सबसे उपजाऊ क्षेत्र है लेकिन मुझे उस पर गर्व नहीं होता क्योंकि वहां खाद तो नहीं लगता है, लेकिन पानी का स्तर नीचे चला गया है, दूसरी फसल किसान ले नहीं सकता है। जब मेरा क्षेत्र इस हालत में है तो मैं नहीं समझता कि दूसरे किसानों की हालत अच्छी होगी। एक तरफ हमने उत्पादन तो बढ़ाया, लेकिन किस कीमत पर बढ़ाया? जो कीमत किसान ने ली और जो लागत उसने लगाई, उसी के लिए किसान आत्महत्या कर रहा है। सरकार ने समर्थन मूल्य बढ़ाया, इसके लिए सरकार बधाई की पात्र है लेकिन उसको समर्थन मूल्य मिल कहां रहा है? उसको समर्थन मूल्य नहीं मिल रहा है। आज धान का समर्थन मूल्य 522 रुपये से 540 रुपये के बीच है लेकिन उसे 360 से 362 रुपये से ऊपर समर्थन मूल्य नहीं मिल रहा है। हमारे मध्य प्रदेश के एक माननीय सदस्य यहां पर अब नहीं हैं। जब वे भााण कर रहे थे तो कह रहे थे कि एफ.सी.आई की गलती है। हमने कहा है कि सोसाइटीज को और फैडरेशन को खरीद करना चाहिए लेकिन पता चला कि किसान लुट गया क्योंकि व्यापारी उसका खाद्यान्न लेने के लिए तैयार नहीं है। किसान के पास अनाज है लेकिन वह बिक नहीं सकता है। इस विपणन की व्यवस्था को कौन बनाएगा? जो मिश्रित खेती हमारे यहां होती है उस पर कोई विचार नहीं होता है। मिश्रित खेती को बढाने पर विचार होना चाहिये ।

## 18.00 hrs.

उसी के बाद हम गेहूं की अधिकता में जी रहे हैं। हमने पहले उत्पादन का आन्दोलन शुरु किया जो हमारे विनाश का आन्दोलन बन गया, खास तौर पर गेहूं और धान के क्षेत्र में । हमें इस पर विचार करना चाहिए। क्या हमने अधिक उत्पादन किया इसलिए मरने के लिए तैयार रहें? आज पंजाब, हरियाणा में क्या हो रहा है? मैं छत्तीसगढ़, म0 प्र0, हरियाणा, पंजाब के चार प्रांतों की बात जानता हूं जहां गेहूं का अधिक उत्पादन किसान की मौत का कारण है क्योंकि हमने लागत बढ़ाई लेकिन उसे पूरा नहीं किया। हमसे उससे ऊंचे दर्जे पर ब्याज वसूल किया। बाद में किसान को समर्थन मूल्य नहीं मिला। इस कारण किसान आत्महत्या करने के लिए मजबूर हुआ। हमने फसल चक्र को जो बिगाड़ा, उसका कौन गुनाहगार है? प्राकृतिक आपदा आने से नुकसान हुआ। ओला और पाला पड़ने से फसल को नुकसान हुआ। अनावारी की रिपोर्ट अंग्रेजों के समय की है। उस समय प्रति-हैक्टेयर जो अनाज उत्पादित होता था वहीं स्केल आज भी हमारे सामने है। हमारा उत्पादन बढ़ गया लेकिन अनावारी की रिपोर्ट नहीं बदली। मुआवजे का भी पुराना तरीका है। â€¦ (व्यवधान) जब किसान की खेती का सवाल उठता है, तो हम उस बहुत चर्चा करते हैं। प्राकृतिक आपदाओं के कारण उसे नुकसान होता है। उसके मूल्यांकन का जो स्केल है और अनावारी की रिपोर्ट 1937 के पहले की है। उस समय प्रति-हैक्टेयर जो उपज थी, वही हमारा स्केल है। आज हमने उससे दस गुना अधिक उपज बढ़ा ली, उसके बाद भी नुकसान का पैमाना बदला नहीं जाता। उस पर जो मुआवजा मिलता है और यदि 37 (परसैंट) प्रतिशत से अधिक नुकसान नहीं हुआ तो उसके नीचे क्षति-पूर्ति नहीं होगी और हम हानि के क्षेत्र में नहीं आएंगे। उसके बाद मुआवजा तय हुआ और हमारा नुकसान मान लिया गया, पूरी तरह नट होने के बाद तो हमें 100 रुपए हैक्टेयर मिलेगा। इस परिस्थिति को बदलने के लिए पचास सालों में प्रयास नहीं हुआ। मैं तीसरी बार इस सदन में चुन कर आया हूं। 1996 में मैंने अनावारी का प्रश्न लगाया था। मुझ से पूछा गया कि अनावारी का मतलब क्या होता है? मुझे यह सुन कर आश्चर्य हुआ। जो इस क्षेत्र में स्केल माने गए हैं, उनका कहीं हिसाब-किताब नहीं है। दुनिया में हमारा कोई बाजार नहीं, देश के भीतर नहीं, भंडारण की क्षमता पर हम एक-दूसरे पर ऊंगली उठाते हैं। केन्द्र और राज्य सरकार सम्मिलित जवाबदेही के साथ भंडारण करती है लेकिन सभी पक्ष एक दूसरे पर आरोप लगाते हैं। इससे समस्या हल नहीं हो सकती। मेरा क्षेत्र महाराद्र और छत्तीसगढ़ से लगता है। पिछले वा पंजाब में धान का क्या हाल हुआ? खुले बाजार में चावल नीलाम हुआ और वह विदर्भ महाराद्र में गया, उसकी रिपॉलिशिंग हुई। उसके बाद वह चावल लेवी के रूप में दे दिया गया।

मैं मध्य प्रदेश से आता हूं। वहां एक अक्तूबर को लेवी की पॉलिसी तय हो जानी चाहिए थी । 9 नवम्बर तक लेवी की पॉलिसी तय नहीं हुई क्योंकि सब को अपना हिस्सा चाहिए। वहां जो नीति है, मैं समझता हूं कि वही दूसरे प्रदेशों में धान के मामले में होगी। एक तरफ किसान अपना धान देता है और दूसरी तरफ राइस मिलें और व्यापारी उसी धान को खरीद कर उसके बदले चावल देते हैं। कभी ऐसा आज तक नहीं हुआ कि पहले धान खरीदा जाए और फिर चावल बना कर दिया जाए। पहले चावल लिया जाता है, फिर वह दे दिया जाता है। अच्छी धान सारे के सारे व्यापारी रख लेते हैं और किसान को उसका उचित मूल्य नहीं देते। समर्थन मूल्य से

कम पर व्यापारी उसे खरीदते हैं। इस कारण किसान को उसका पुरा मूल्य नहीं मिलता। इससे किसान मर जाता है। इस परिस्थिति के लिए कहा जाता है कि केन्द्र सरकार जिम्मेदार है लेकिन इसके लिए दोनों सरकारें जिम्मेदार हैं। किसान को नकारा नहीं जा सकता। हमें उसके बारे में सोचना होगा।

मैं तीन बातें सरकार से कहना चाहता हूं। जब मैं स्वतंत्र कृिा चैनल की बात कहता हूं तो मेरी इस मांग को स्वीकार किया जाए। जब स्पोर्टस चैनल आ सकते हैं तो कृिा चैनल क्यों नहीं आ सकता? दुनिया में बदलती हुई परिस्थिति को देखते हुए हमें किसान के साथ संवाद की स्थिति को बनाए रखना होगा।

सभापति महोदय, मैं कहता हूं कि प्रसार भारती जैसे बोर्ड से हटकर पूरी तरह यह चैनल सरकार का होना चाहिये ताकि हम बदलती परिस्थितियों में अगर इस देश में फसल चक्र बदलना चाहें तो बदल सकें। हमारे देश के पूर्वांचल भाग में कुछ पैदा होता है, केरल में नारियल होता है और उत्तर भारत में धान और गेहूं की खेती होती है। इसी प्रकार कहीं दलहन और कहीं तिलहन पैदा होता है। सारे देश में एक सी खेती नहीं होती। इसलिये सरकारी चैनल को लगाकर उपयोग करना चाहिये अगर आप किसानों का हित चाहते हैं।

सभापति महोदय, अंत में मैं सरकार से निवेदन करूंगा कि प्राकृतिक आपदाओं से जो नुकसान होता है, उसमें बीमा आता है। प्रदेश सरकारों ने बीमा प्रक्रिया में काफी मजाक किया है। मैं सदन को मध्य प्रदेश का उदाहरण देना चाहूंगा। वहां 1997 में अनावारी रिपोर्ट तीन वाँों के लिये चाही गई लेकिन नेशनल कृिा बीमा क्षेत्र में रिपोर्ट राज्य सरकार ने नहीं दी क्योंकि उसकी बाध्यता हो जाती। हम हिसाब नहीं करना चाहते हैं और किसान लुट गया। जो सच्चाई है, उसको स्वीकार करना पड़ेगा। अभी हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री के भाई बोल रहे थे और बड़ी अच्छी बातें कृिा मंडी के बारे में बता रहे थे उन्होंने वहां क्या किया? किसान 80 पैसे प्रति क्विंटल शुल्क देता लेकिन उसे डेढ़ रुपया देना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि किसान को ज्यादा इसलिये देना पड़ रहा है क्योकि जो गांव मंडी से नहीं जुड़े हुये हैं, उन्हें जोडा जायेगा लेकिन ऐसा नही हुआ बल्कि सारा पैसा एक पूल में रखकर लोक निर्माण विभाग सड़कें बना रहा है। ऐसे लोगों को सजा मिलनी चाहिये। मेरा निवेदन है कि कहीं न कहीं इन बातों का आपस में खंडन करने का स्वभाव बन गया है, जिसे छोड़ना होगा।

सभापति महोदय, इस विाय पर अच्छी चर्चा की गई है लेकिन इतना पूर्वाग्रह हमें इस बात का नहीं करना चाहिये, इतनी संवेदनायें और अपेक्षायें बढ़ाना किसानों के हित में नहीं हैं बल्कि उनके बारे में ज्यादा स्पट बात करें तो अच्छा होगा।

.........................................

**18.08 hrs.**

**MR. CHAIRMAN : The House stands adjourned to meet tomorrow, the 23rd November, 2001 at 11 a.m.**

**1807 hrs**

***The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock***

***on Friday, November 23, 2001/Agrahayana 2, 1923 (saka).***

**-------**